माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

बरेली
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 82, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार




कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के आसार 14

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 13



पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

**श्रीनगर में टारगेट किलिंग**

- हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

श्रीनगर, एजेंसी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

## मेडिकल कॉलेज के बाहर सड़क पर प्रसव, नवजात की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत में फिर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई
- प्रसूता को नहीं किया था भर्ती, मजबूरन परिजनों ने सड़क पर कराया प्रसव

**अमृत विचार :** जिम्मेदारों की लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। प्रसव कराने के लिए परिजनों के साथ पहुंची महिला को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने भर्ती करने से इनकार कर दिया।

मजबूरन परिवार को इमरजेंसी के बाहर सड़क पर अन्य महिलाओं की मदद से प्रसव कराना पड़ा। जिसमें नवजात की जान चली गई। घटना के बाद अधिकारियों ने महिला को एमसीएच विंग में संचालित महिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, परिजनों ने स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



इमरजेंसी के बाहर सड़क पर प्रसव करातीं महिलाएं।

बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी कृष्णपाल दो दिन पहले पत्नी मुन्नी देवी और पुत्रवधू सुमन के साथ अपने बहनोई पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा निवासी पप्पू के यहां शादी में शामिल होने आए थे। बेटा अनिल कुमार उत्तराखंड के धारचूला में मजदूरी करने गया है। पुत्रवधू सुमन नौ माह की गर्भवती थी।

> इमरजेंसी के बाहर सड़क पर प्रसव होने की जानकारी मिली है। एसीएमओ को मौके पर भेज रिपोर्ट मांगी है। प्रत्येक बिंदु पर जांच कराई जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराएंगे।
> -डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

बुधवार दोपहर करीब 1 बजे सुमन को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन ई-रिक्शा से लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। ई-रिक्शा चालक ने इमरजेंसी के पास उतार दिया। महिला दर्द से तड़प रही थी। उसे इमरजेंसी के बाहर बेंच पर लिटाकर परिजनों ने इमरजेंसी कक्ष में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ का जानकारी दी लेकिन उन लोगों ने प्रसूता को महिला अस्पताल ले जाने की बात कहकर टाल दिया। कोई मदद भी करने से मना कर दिया तक नजदीक के पार्क में बैठी महिलाएं मदद को आईं और सड़क पर ही प्रसव कराया लेकिन नवजात की मौत हो गई। घटना की सूचना पर करीब 15 मिनट बाद महिला विंग के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। परिवार का कहना है कि इमरजेंसी के स्टाफ ने मदद की होती तो शायद नवजात को बचाया जा सकता था।

# महाभारत न हो इसलिए अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

## विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

- बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा
- कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म
- राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब
- विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश

अपनी बात को आगे बढाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं। तंज कसा कि, अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोईघर शुरू हो चुका है। माता शबरी के अनुयायी पीडीए के पार्ट हैं या नहीं। निषाद राज के नाम पर रैन बसेरे शुरू हुए हैं, निषादराज के अनुयायी पीडीए का हिस्सा हैं या नहीं। योगी ने सदन में मौजूद शिवपाल यादव का संज्ञान लेते हुए सवाल उठाया कि सपा की लोस उम्मीदवारों वाली सूची में परिवार के तीन सदस्यों के नाम थे, चच्चू का नाम क्यों नहीं था। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते।



### पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश



नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक



सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलेपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

### सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

**दिल्ली आबकारी मामला**

## ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब किया गया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था।

## एक नजर

### आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार लोगों में जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह उर्फ काला है।

### हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

**रांची।** भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था जो बुधवार को समाप्त हो गई।

## रिश्वत लेते जिला उद्योग केंद्र का सहायक प्रबंधक गिरफ्तार

- लोन पर सब्सिडी दिलाने के लिए महिला से ले रहा था पांच हजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव बुधवार को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते धर लिया गया। एक महिला को लोन पर सब्सिडी दिलाने की एवज में पैसा लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने उसके कार्यालय में ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि शहर के मोहल्ला सुर्खा में रहने वाली रितु सक्सेना ने कौशल श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि जिला उद्योग कार्यालय से बुटिक खोलने के लिए उनका पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ जिसकी पहली किस्त जारी हो गई थी। लोन पर 25 प्रतिशत सब्सिडी दिलाने के बदले सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव पांच हजार रुपये मांग रहा था। एंटी करप्शन टीम की योजना के मुताबिक बुधवार को रितु जिला उद्योग केंद्र पहुंचीं। कौशल श्रीवास्तव ने जैसे ही उनसे पांच हजार रुपये लिए, टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रैक्टर की पटिया में बांधकर प्रधान के बेटे की खेत में घसीटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



- क्रूर तरीके से की वारदात, खून से लथपथ शव गन्ने के खेत में मिला

**अमृत विचार :** घाघरा नदी के पार मंगलवार को खेत में पटेला लगाने गए ईसानगर के गांव मिर्जापुर के प्रधान नंद किशोर के बेटे अंकित भार्गव की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई। हत्यारों ने पहले उसकी पिटाई की फिर ट्रैक्टर की पटिया में बांधकर गेहूं, गन्ना समेत अन्य फसलों के करीब 50 बीघा खेत में कई बार घसीटा।

बुधवार सुबह परिजन ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे तो गन्ने के खेत में अंकित का मिट्टी और खून से सना शव पड़ा मिला। धौरहरा और ईसानगर पुलिस के साथ सीओ पीपी सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। परिजनों ने हत्या के पीछे चुनावी और जमीनी रंजिश बताई। प्रधान ने अपने परिवार के ईसानगर के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख समेत दो को नामजद करते हुए चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रधान नंद किशोर के मुताबिक मंगलवार को वह पटेला लगाने के लिए बेटे अंकित भार्गव (25) के साथ ट्रैक्टर-ट्राली लेकर घाघरा नदी के पार अपने खेत पर गए थे। अंकित को खेत पर छोड़ वह घर आ गए। देर रात तक अंकित घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने सोचा कि वह गन्ना बेचने क्रेशर पर चला गया होगा, लेकिन सुबह तक घर नहीं आया तो वे खेत पर पहुंचे तब अंकित की हत्या की जानकारी हुई।

> ईसानगर के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख कमलेश कुमार समेत दो लोगों को नामजद कर दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है। मौके से सबूत जुटाए जा रहे हैं।
> – **नैपाल सिंह,** एएसपी पश्चिमी

## सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ

**लखनऊ।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित किया है। दिसंबर- जनवरी में 562 केन्द्रों पर आयोजित हुई परीक्षा में करीब 30 फीसद अभ्यर्थी सफल हुए हैं। परिणाम अधिकारिक वेबसाइट पर भी देखे जा सकते हैं। पुरुष वर्ग के सफल अभ्यर्थियों की संख्या 21 हजार 728 यानि 30.19 प्रतिशत है। जबकि 19 हजार 404 यानि 29.77 प्रतिशत महिला वर्ग से उत्तीर्ण हैं। सीए फाउंडेशन-2023 परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों ने आवेदन दिसंबर में किए थे।

## शरद गुट की पार्टी का नाम हुआ राकांपा शरदचंद्र पवार

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्वाचन आयोग ने तीन विकल्पों में से एक आवंटित किया

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को तीन नाम - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया। शरद पवार गुट ने अपने लिए चुनाव चिह्न 'बरगद का पेड़' भी मांगा था।

## उत्तराखंड विस में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा। धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन आंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है।

### यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्य: धामी



यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है।

## धोखाधड़ी में वास्तुशास्त्री खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



- खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून



- पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ कार्रवाई
- दिल्ली और हरियाणा स्थित आवासों से टीम ने कब्जे में लिए अहम दस्तावेज

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

ईडी ने रावत के श्रीनगर स्थित भवन पर भी छापा मारा। वहां मौजूद रावत की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। रावत के दिल्ली और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

## आज से विकासखंडों में लगेगा रोजगार मेला

**बदायूं, अमृत विचार:** जनपद के सभी विकास खंडों में आठ फरवरी से रोजगार मेला लगाए जाएंगे। यह मेला सेवायोजन कार्यालय और कौशल विकास मिशन की ओर से लगाए जाने हैं। इनकी तिथियां घोषित कर दी गई हैं। इन रोजगार मेले में पंजीकरण कराकर युवा इसका लाभ उठा सकेंगे।

कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खंडों में रोजगार मेला लगेगा। इनमें तिथियां निर्धारित की गयी हैं। इसमें आठ फरवरी को विकास खंड समरेर में, 09 को दातागंज, 10 को म्याऊं, 11 को उसावां में, 12 को जगत में, 13 को सालारपुर में, 14 को उझानी में, 15 को कादरचौक में, 16 को सहसवान में, 17 को दहगवां में, 18 को इस्लामनगर में, 19 को अम्बियापुर में, 20 को वजीरगंज में, 21 को बिसौली में एवं 22 फरवरी को आसफपुर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

# तेज हवा ने बढ़ा दीं दमा रोगियों की मुश्किलें, बुजुर्ग दिखे ज्यादा परेशान

## जिला अस्पताल में ठंड से बढ़ने लगे सांस रोग के मरीज, डॉक्टरों ने दमा के 52 मरीजों को दी सलाह, कहा- बदलते मौसम में बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बारिश और तेज हवा ने एक बार फिर जनमानस को हिला कर रख दिया है। हवा ने ठंडक बढ़ा दी है साथ ही सर्दी खांसी और दमा रोगियों को मुसीबत पैदा कर दी है। श्वास रोग से परेशान मरीजों ने जिला अस्पताल उमड़े।

पिछले एक सप्ताह से बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। सर्दी बढ़ने से एक ओर बुखार और खांसी बढ़ रही है। जुकाम से लोग परेशान हैं। तेज हवाएं ठंडक पैदा कर रही हैं। ठंड अधिक बढ़ने से सबसे अधिक श्वास रोगियों को परेशानी हो रही है। बुधवार को जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें लगी रहीं। इन लाइनों में सबसे अधिक मरीज सर्दी खांसी और श्वास रोग के थे। ठंडक बढ़ने से लोगों को जुकाम होने लगा। मौसम में अचानक तेजी से बदलाव होने से बुखार और खांसी


मरीज देखते डॉक्टर अलंकार सोलंकी।


दवा लेने के लिए लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

से लोग परेशान हो गए। फिजिशियन डा. अलंकार सोलंकी ने बताया कि बुधवार को उनके पास करीब 168 मरीज आए जिसमें से 52 मरीज सांस के थे। इन मरीजों को ठंड से परेशानी बढ़ गयी। अचानक ठंडक बढ़ जाने से अधिकांश लोग बुखार से पीड़ित है। इसी तरह डॉक्टर एएसएम कमल ने बताया कि सांस रोगियों की संख्या अधिक रही। इन मरीजों में जो सबसे ज्यादा परेशान दिखे वे 55 वर्ष के ऊपर के लोग थे।

**लापरवाही होने पर बढ़ जाएगी परेशानी**

चिकित्सकों ने राय दी की जिन लोगों को दमा की बीमारी है। वह लोग हल्की सी भी ठंड से बच कर रहें। उनके लिए यह मौसम सबसे

> जिला अस्पताल में कुछ समय के लिए दोपहर के समय बिजली नही आयी जिससे कुछ देर के लिए न तो एक्स रे किए गए और न ही ब्लड रिपोर्ट तैयार की जा सकी। विद्युत उपकेंद्र पर अनुरक्षण कार्य चलने से सप्लाई बाधित रही है। उसके बाद सप्लाई शुरू हो गयी और सभी कार्य किए गए। मरीजों को परेशानी हुई है। कुछ मरीजों ने शिकायत भी की है मगर अब सप्लाई शुरू हो चुकी है। किसी को परेशान होने की जरूरत नही है।
> – डा. कप्तान सिंह – सीएमएस।

खतरनाक होता है। यदि एक बार सीने में ठंड बैठ गयी तो वह करीब एक महीने तक परेशान करती है और फिर उन्हें कई तरह के चेकअप कराने पड़ते हैं। डा. एसपी सिंह ने सांस रोगियों को ठंड से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि इस समय मौसम हर दिन बदल रहा है। ऐसे में यह लोग घरों से बाहर न निकलें। यदि जरूरी कार्य हो तभी बाहर जाएं और गर्म कपड़े पहनकर जाएं।

### तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने से नहीं हो पाए एक्स-रे मरीज बैरंग लौटे

जिला अस्पताल में करीब तीन घंटे तक बिजली की सप्लाई ठप रही जिसमें एक्सरे नहीं हो सके। एक्सरे कराने वालों की भीड़ लगी रही। एक्सरे कराने आए मरीजों ने बताया कि वह लोग सुबह दस बजे से यहां पर बैठे हैं अभी तक बिजली नही आयी है जिसमें एक्सरे नहीं हो पा रहे हैं। कई लोगों ने जनरेटर चला कर एक्सरे करने की बात कही मगर किसी ने उस पर ध्यान नही दिया। करीब दो बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई तब तक एक्सरे कराने वाले पचास प्रतिशत मरीज वापस लौट चुके थे।

### नियमित ड्यूटी नहीं करने पर होगी कार्रवाई

प्रभारी सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान मंगलवार की शाम को शहर के निकट नवादा स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। आसपास गंदगी के ढेर लगे होने पर फटकार लगाई। उसके बाद अंदर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां सारा सामान बिखरा पड़ा होने पर कर्मचारी मुकेश को फटकारा। प्रभारी सीएमओ उसके बाद ब्लॉक जगत के ग्राम मोहम्मदपुर सुलरा के नवीन स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। वहां पर एएनएम आशा नहीं मिलीं। एएनएम को ड्यूटी के समय केंद्र पर रहने के निर्देश दिए गए। नियमित ड्यूटी नहीं करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की बात कही। ब्लॉक जगत के मलगांव में स्वास्थ्य केंद्र पर उन्होंने निरीक्षण किया। यहां पर मौजूद मरीजों से भी बात की। कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं रखी जाएं। लापरवाही होने पर कार्रवाई होगी।

# रासायनिक समीकरण लिखकर करें अभ्यास

▸▸ परीक्षा से पूर्व सभी पाठ को दोहराना है जरूरी

▸▸ इंटरमीडिएट के छात्रों को शिक्षक ने दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं की चिंता बनी रहती है। विशेष तौर पर इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान को लेकर। इसीलिए इंटरमीडिएट के इस विषय के परीक्षार्थियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गणित की तरह रसायन विज्ञान में भी अच्छे अंक मिल सकते हैं। इसलिए इसे सिर्फ रटें नहीं, समझें और लिखकर अभ्यास करने की जरूरत होती है। अनसॉल्व पेपर से तैयारी करें। उसमें दस वर्ष के प्रश्न होते हैं। उनका अभ्यास करते रहें।


रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव प्रकाश गुप्ता।

श्री कृष्णा इंटर कॉलेज के राजीव प्रकाश गुप्ता ने बताया कि एनसीईआरटी की किताब से पढ़ाई करना लाभकारी है। प्रत्येक अध्याय के महत्वपूर्ण बिंदुओं को एक जगह जरूर लिख लें। समय समय पर उन्हें दोहराते रहें। आंकिक प्रश्नों के सूत्रों को भी लिखकर याद करें। उनका चार्ट बनाकर एक जगह टांग दें। आते जाते उस पर नजर डालते रहें, उसे अलग से बैठकर रटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परीक्षा में लघु उत्तरीय प्रश्नों में कई बार सूत्र पूछ लिए जाते हैं। इनके उत्तर सही सही लिखने पर अंक भी नहीं कटते हैं। लिखावट का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता। परीक्षा की तैयारी के लिए उन्हीं पुस्तकों को पढ़ें, जो पाठ्यक्रम के लिए तय हों, अर्थात प्रमाणित पुस्तकों को पढ़ना चाहिए। उससे भ्रम की स्थिति नहीं पैदा होगी।

### परीक्षा में ये गुरु मंत्र आएंगे काम

- कार्बनिक रसायन विज्ञान में प्रयोगशाला विधि और नाम अभिक्रिया से संबंधित रासायनिक अभिक्रियाओं को लिखकर याद करें।
- एक बार सभी पाठों को जरूर दोहरा लें।
- पिछले वर्ष के प्रश्नपत्र को भी हल करें। आंकिक प्रश्न दोबारा आ सकते हैं।
- अच्छे अंक के लिए इन बिंदुओं पर छात्र-छात्राएं ध्यान दें।
- पाठ्यक्रम में निर्धारित गैस संबंधी अध्याय को ठीक से पढ़ें। प्रयोगशाला विधि (कार्बनिक रसायन व अकार्बनिक रसायन) को चित्र बनाकर समझें। उत्तर लिखते समय भी इसका ध्यान रखें।
- रासायनिक समीकरण बार बार लिखकर अभ्यास करें।
- क्या होता है जब और रासायनिक समीकरणों को पूरा करने से संबंधित प्रश्नों को पिछले दस वर्ष के प्रश्नपत्रों से बार बार हल करें।
- शीर्षक व टिप्पणी लिखते समय उदाहरण, चित्र व रासायनिक समीकरण जरूर लिखें।

# यूपी बोर्ड : राजकीय इंटर कॉलेज में बनाया कंट्रोल रूम

▸▸ कंट्रोल रूम स्थापित होने के बाद ट्रायल का कार्य किया पूरा

▸▸ कंट्रोल रूम से जोड़े परीक्षा केंद्र 20 कर्मियों की लगाई ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके लिए जनपद में तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जहां सभी केंद्रों को जोड़ने का काम पूरा कर लिया गया है। कंट्रोल रूम को प्रदेश स्तर से जोड़ा गया है। जिसका ट्रायल चल रहा है।

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जनपद को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। जनपद में नकल विहीन परीक्षा को संपन्न कराने के लिए जिले के साथ ही प्रदेश स्तर पर मॉनीटरिंग की जानी है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों को आनलाइन प्रदेश स्तर पर बने कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश स्तर पर सभी केंद्रों को लेकर ट्रायल जारी है। जबकि जिले स्तर पर ट्रायल का काम पूरा हो गया। बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में 99 कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सीसीटीवी और डीवीआर को स्टेट सेंटर से जोड़ा जा रहा है। अधिकांश केंद्रों के डीवीआर स्टेट सेंटर से जुड़ चुके हैं। शेष को जोड़ने का काम जारी है। वहीं, राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रूम का इंचार्ज घटपुरी राजकीय स्कूल के प्रधानाचार्य आरके वर्मा को बनाया गया है।

इनके साथ सुमित कुमार गुलाटी, अंकित कुमार और अरविंद कुमार को लगाया गया है। अभी करीब 16 कर्मचारियों की ड्यूटी और लगाई जाएगी।

### दो शिफ्टों में कार्य करेंगे कर्मचारी

कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी दिन रात की जानी है। इसके लिए चार कर्मचारी लगा दिए गए हैं। करीब 16 और कर्मचारी लगाए जाने हैं। कर्मचारी दो शिफ्टों में काम करेंगे। जिसमें करीब दस कर्मचारी सुबह और दस कर्मचारियों की ड्यूटी शाम के समय रहेगी।

> राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। घटपुरी के प्रधानाचार्य को वहां का प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा बीस से अधिक कर्मचारी और लगाए जाने हैं। सभी केंद्रों को कंट्रोल रूम से जोड़ने का काम पूरा हो चुका है। प्रदेश स्तर पर प्रयास जारी है, जो कि बुधवार तक पूरा हो जाएगा।
> –**डॉ प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक


कंट्रोल रूम में ट्रायल का काम देते कंट्रोल रूम इंचार्ज।

## श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज में होगी अटल विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

▸▸ अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा के लिए एक कॉलेज को बनाया गया केंद्र

▸▸ 8 फरवरी को होगी परीक्षा, 117 के आसपास बच्चे परीक्षा में करेंगे प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अटल आवासीय परीक्षा (आज) आठ फरवरी को संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। परीक्षा के लिए श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। इसमें 117 बच्चे बैठेंगे। केंद्र पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। प्रश्न पत्रों को कोषागार में रखा गया है।

अटल आवासीय स्कूल में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चों (महिला कल्याण विभाग से प्राप्त सूची के आधार पर) मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों का प्रवेश लिया जाएगा। परीक्षा के लिए 117 बच्चों के द्वारा आवेदन किया गया है। अटल आवासीय परीक्षा शहर के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में कराई जाएगी। केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र पहुंच चुके हैं। प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार में रखा गया है। इन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया जएगा। इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने बताया अटल आवासीय परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी है। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। जहां आठ फरवरी को परीक्षा होनी है। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी।

# दिल्ली-लखनऊ के लिए ट्रेन संचालन की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय भाजपा सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गड़करी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की।

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा सांसद ने क्षेत्र की विभिन्न सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग की। वहीं, उनके द्वारा रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को मांग पत्र सौंपा गया। जिसमे उन्होंने बदायूं से लखनऊ और बदायूं से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन चलवाने की मांग की। बदायूं-बरेली मुख्य मार्ग पर मलगांव एवं बदायूं -दातागंज मार्ग पर रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग की। इसके अलावा उनके द्वारा गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक गुन्नौर में फाटक 57 सी. में (गांव- बाघऊ) में अंडरपास बनवाने का आग्रह किया।


परिवहन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करतीं डॉ संघमित्रा मौर्य।

▸▸ भाजपा सांसद ने रेलवे मंत्री और परिवहन केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

इसी तरह बरेली से चलकर इंदौर जाने वाली महाकाल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या- 14320 का स्टॉपेज बबराला रेलवे स्टेशन पर कराने का आग्रह रेलवे मंत्री से किया। इसके साथ ही उनके द्वारा बदायूं रेलवे पर वॉटर पिट का कार्य कराने की मांग की। भाजपा सांसद की मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्रियों ने त्वरित कार्रवाई कराने के निर्देश दिए हैं।

# मदरसा शिक्षकों की एक बार फिर होगी शैक्षिक अभिलेखों की जांच

▸▸ मदरसों की जमीन, भवन व शिक्षकों के जांचे जाएंगे शैक्षिक अभिलेख

▸▸ जिले में 214 मदरसा हैं संचालित, दो हजार के आसपास कार्यरत हैं शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में संचालित मदरसों की एक बार फिर से जांच होगी। जिसके निर्देश अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय की ओर से अल्पसंख्यक विभाग को दिए गए हैं। जांच के दौरान उनमें भवन, जमीन और शिक्षकों की योग्यता जांची जाएगी। हालांकि जांच के लिए निदेशालय द्वारा नवंबर माह में आदेश दिए गए थे। इसमें विभाग को 30 दिसंबर तक जांच कर रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जानी थी, लेकिन बीते वर्ष दिसंबर के बाद जनवरी माह बीत चुका है। अभी तक जांच शुरू नहीं हो सकी। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निदेशालय की ओर से विभाग को रिमाइंडर जारी किया गया है। इस पर डीएम द्वारा दो सदस्यों की कमेटी गठित कर जांच शुरू करने को कहा गया है।

जनपद में संचालित 214 मदरसों की जांच का निर्देश अल्पसंख्यक निदेशालय की ओर से नवंबर माह में ही दिया गया था। इसमें दो एडेड और 112 मान्यता प्राप्त मदरसे शामिल हैं। शासन की ओर से 2017 में मदरसों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। विशेष जांच टीम ने अपनी जांच में जिले के अंदर 40 से अधिक मदरसों को कागजों में ही चलते हुए पाया था। जबकि इनमें से कुछ मदरसे आधुनिकीकरण योजना में भी शामिल थे और उनको भुगतान भी हो रहा था। एसआईटी की ओर से इन मदरसों के खिलाफ एफआईआर की संस्तुति की गई थी लेकिन अब तक इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया गया। वहीं, निदेशालय की ओर से नवंबर माह में फिर से मदरसों की जांच के निर्देश जारी किए गये। इसमें खास तौर पर जिले में संचालित दो एडेड मदरसों की जांच होनी थी, जो अब तक शुरू नहीं हो सकी है। विभाग को रिमाइंडर जारी किया गया है। निदेशालय से रिमाइंडर मिलने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

> अल्पसंख्यक निदेशालय की ओर से मदरसों की जांच के आदेश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक जिले में संचालित एडेड मदरसों की जांच होगी। आधुनिकीकरण इन्हीं मदरसों का हुआ है। इनके लिए ही शासन द्वारा धनराशि जारी की गई थी। डीएम की ओर से कमेटी का गठन भी कर दिया गया है। जिसमें जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ नगर क्षेत्र अधिकारी को शामिल किया गया है। बोर्ड परीक्षा के बाद जांच शुरू की जाएगी।
> – **मोहम्मद खालिद**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

## झांसे में न आएं किसान विभाग से करें संपर्क

**बदायूं, अमृत विचार:** जिले के किसानों को कुसुम योजना के तहत सोलर पंप का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए किसानों के पास टोकन मनी जमा करने के लिए फोन पहुंच रहे हैं। इन फोन कॉल से किसानों को सावधान रहने की सलाह कृषि विभाग द्वारा दी जा रही है।

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि विभिन्न जनपदों में कतिपय कृषकों, जिनके द्वारा सोलर पंप के लिए आवेदन किया गया है। उनके पास फोन किया जा रहा है कि सोलर पंप का पैसा किस्तों में जमा किया जा सकता है। इसके लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। बताया कि इस फर्जीवाड़े से किसान सावधान रहें। बताया कि सोलर पंप के लिए कृषकों के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था । टोकन कन्फर्म करने के पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल पर उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से जाता है। इस प्रकार के किसी भी फोन काल के झांसे में न आएं।

# खेतों में खड़े गन्ने का होगा सर्वे, मिला आश्वासन


चीनी मिल में संयुक्त बैठक में बोलते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बुधवार को जिला गन्ना विभाग के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने शेखूपुर चीनी मिल परिसर में मिल प्रशासन और गन्ना किसानों की संयुक्त बैठक की। इसमें कहा गया कि जो गन्ना अभी तक खेतों में खड़ा है। उसका सर्वे कराया जाएगा।

सर्वे के बाद एक संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा । यह टीम तीन दिन के अंदर नियमानुसार रिपोर्ट देगी। जिन किसानों का गन्ना मिलों पर पहुंच चुका है उनका सट्टा लॉक कर गन्ना वाले किसानों को पर्चियां उपलब्ध कराई जाएंगी। कृषकों के साथ संयुक्त बैठक में महिंद्रा ईपीसी इरिगेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि ने ड्रिप सिंचाई विधि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि जिला उद्यान विभाग से किसानों को ड्रिप सिंचाई सिस्टम लगाने पर 80 से 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार, मिल प्रबंधक किशनलाल आदि रहे।

दिलचस्पी

### नुकसान होने पर भी शुरू हुई आलू की खोदाई, खेत खाली करने के बाद मूंगफली लगाएंगे किसान

# किसानों में बढ़ा रुझान, 8000 हेक्टेयर में करेंगे मूंगफली की खेती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** किसान आलू खोद कर अब मूंगफली की फसल करने की तैयारी कर रहे हैं। किसानों को मूंगफली का बाजार भाव मिलने की उम्मीद है इसलिए इस साल मूंगफली का रकबा भी बढ़ना स्वाभाविक है। इस साल करीब आठ हजार हेक्टेयर में मूंगफली की फसली की जाएगी, जो किसानों को मालामाल कर देगी।

एक दशक पहले तक किसान आलू सरसों के खेतों में मेंथा की फसल करते थे। मेंथा में करीब तीन चार साल तक किसानों को अच्छा भाव मिला जिससे किसान मेंथा करते रहे। उसके बाद मेंथा ने किसानों को रुला दिया। इससे किसान मेंथा की फसल छोड़ कर मूंगफली की फसल लगाने लगा। जून जुलाई में तैयार होने वाली मूंगफली का भाव भी बेहतर रहता है जिससे किसानों को मूंगफली की फसल से बेहतर आय होती है। पिछले साल जिले में मूंगफली करीब पांच हजार हेक्टेयर थी जो इस साल करीब आठ हजार हेक्टेयर में होगी।


आलू की खोदाई करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ब्लॉक जगत के ग्राम उदमई निवासी संतोष मौर्य ने बुधवार को बताया कि उसने अपने कई खेतों में आलू किया है। अब आलू को वह खोद कर स्थानीय बाजारों में बेच रहे हैं और उन्हीं खेतों में अब मूंगफली की फसल करेंगे। संतोष का कहना है कि पिछले साल एक बीघा में पांच क्विंटल मूंगफली की पैदावार हुई उसका भाव भी चार से पांच हजार क्विंटल रहा। उन्हें मूंगफली की फसल लगाने से सबसे अधिक लाभ हुआ इसलिए इस साल आलू खोद कर अब मूंगफली लगाएंगे, जो जून और जुलाई महीने में तैयार हो जाएगी। गांव में करीब 20 से 25 किसान मूंगफली की फसल लगा रहे हैं। इस क्षेत्र में मूंगफली की पैदावार ठीक होने से रुझान बढ़ता जा रहा है।

उधर, कादरचौक क्षेत्र में मूंगफली करने वाले किसानों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र के ग्राम धनुपुरा निवासी किसान मदनलाल शर्मा ने बताया कि अब लोग सरसों काटने के बाद मूंगफली की फसल अधिक करते हैं क्योंकि मूंगफली बरसात से पहले ही तैयार हो जाती है। बरसात में फिर सीजन वाली मूंगफली उसी खेत में लगाई जाती है जो अक्टूबर नवंबर तक तैयार हो जाती है। इसलिए किसानों को अब मूंगफली अधिक मुफीद साबित हो रही है। क्षेत्र के ग्राम रमजानपुर में मूंगफली का बड़ा रकबा है । यहां के किसान दिल्ली तक मूंगफली लेकर जाते हैं, उन्हें और अच्छा भाव मिलता है।

> जनपद में मूंगफली का रकबा इस साल कुछ बढ़ना स्वाभाविक है। किसानों को मूंगफली की फसल अधिक लाभकारी सिद्ध हो रही है। पिछले साल पांच हजार हेक्टेयर रकबा में मूंगफली की खेती हुई थी जबकि इस साल करीब आठ हजार हेक्टेयर रकबा में मूंगफली की खेती की जाने की संभावना है।
> – **दुर्गेश कुमार** – जिला कृषि अधिकारी।

# कई स्थानों से भरे खाद्य पदार्थों के सैंपल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने बुधवार को शहर सहित कई स्थानों पर छापा मारा। इस दौरान उनके द्वारा दूध, पनीर क्रीम और रस्क सहित करीब छह सैंपल लिए गए। इन्हें जांच को लैब में भेजा गया है।

▸▸ विभागीय अधिकारियों ने पनीर, क्रीम दूध और रस्क सहित लिए छह सैंपल जांच को भेजे

अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने बताया कि डीएम मनोज कुमार के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। बताया शहर में आरके ट्रेडर्स के यहां से अमूल का सैंपल लिया गया। वहीं, बिल्सी बाजार में रस्क और अन्य खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए गए। बिसौली में महादेव डेयरी से पनीर, दूध और क्रीम का सैंपल लिया गया। लिए गए सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि छापेमारी अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय शुक्ल, सतेंद्र सिंह तोमर, देवकांत आदि रहे।


पनीर का सैंपल लेते खाद्य विभाग के अधिकारी। मौजूद रहीं एसडीएम कल्पना जायसवाल।

### पनीर फैक्ट्री पर एसडीएम संग खाद्य विभाग ने सैंपल भरे

**बिसौली।** एसडीएम कल्पना जायसवाल के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने गांव गुलड़िया में पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की। टीम ने यहां से पनीर, दूध व मलाई के सैंपल भरे हैं। एसडीएम ने फैक्ट्री पर व्याप्त गंदगी देख संचालक पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा को सफाई व्यवस्था के कड़े निर्देश दिए। छापामारी अभियान के दौरान पूरे गांव में हड़कंप मच गया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने बताया कि रुटीन चैकिंग के तहत गांव गुलड़िया स्थित पनीर फैक्ट्री पर खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गये। यहां संचालक को साफ सफाई के लिए निर्देशित किया गया।




# जीएसटी वसूलने को 127 व्यापारियों को नोटिस

## 7344 लाख जीएसटी की हुई वसूली, व्यापारियों पर पांच हजार लाख रुपये बकाया, हो रहा विरोध

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** जीएसटी संग्रह करने के लिए बरेली मंडल के सभी जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है। बरेली में जीएसटी विभाग की ओर से जारी किए नोटिस का विरोध हो रहा है। अब बदायूं जिले में जीएसटी जमा कराने के लिए विभाग की ओर से 127 व्यापारियों को नोटिस जारी की गयी है। व्यापारियों पर आरोप है कि इन सभी ने समय पर जीएसटी रिटर्न जमा नहीं किया है, इसलिए व्यापारियों को दो सौ रुपये प्रतिदिन रिटर्न का 0.5 प्रतिशत हिस्सा टैक्स के रूप में जमा करना होगा। करीब पांच हजार लाख रुपये जीएसटी के रूप में जमा होना है तो अभी तक विभाग वसूल नहीं कर सका है। विभाग में सात हजार से छोटे बड़े व्यापारी पंजीकृत हैं।

जो जीएसटी जमा करते हैं। बदायूं में वार्षिक लक्ष्य 12 हजार 740 लाख का है। इसमें से अब तक सात हजार 344 लाख की वसूली ही हुई है।

जिले में पहले जीएसटी देने वाले व्यापारियों की संख्या छह हजार थी। पिछले महीने वाणिज्यकर विभाग ने पंजीकरण बढ़ाने के लिए अभियान चलाया। 31 दिसंबर तक करीब एक हजार से अधिक व्यापारियों का पंजीकरण हुआ। इसके बाद इनकी संख्या 7351 हो गयी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पंजीकरण व्यापारियों के हित में है। सरकार पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये का बीमा देती है। कई अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

पंजीकृत नहीं होने पर अक्सर कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, इसलिए हर व्यापारी को कारोबार की सुगमता के लिए जीएसटी में पंजीकरण जरूर कराना चाहिए। अगर कहीं कोई दिक्कत हो तो किसी भी अधिकारी से मिलकर प्रक्रिया को समझा जा सकता है। वहीं, व्यापारियों का कहना है कि जीएसटी में पंजीकरण से सुविधा मिलती है, लेकिन कोरोना काल के दौरान व्यापार ठप रहने की वजह दिक्कतें आ रही हैं। जो अभी तक कम नहीं हुई हैं। व्यापारियों का कहना है कि विभाग और व्यापारी संगठनों के बीच बेहतर तालमेल की कमी के चलते भी दिक्कत रहती हैं। इन्हें दूर किया जाना आवश्यक है।

**▸▸ जीएसटी विभाग में पंजीकृत हैं 7851 व्यापारी, 12 हजार 740 लाख का है वार्षिक लक्ष्य**

जीएसटी में पंजीकरण हर व्यापारी के लिए फायदेमंद है। व्यापारी अपना विवरण खुद भर सकता है। विभागीय सहयोग ले सकता है। इसमें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आती है। पंजीकृत व्यापारी को 10 लाख रुपये का बीमा मिलता है। व्यापारी को समय पर रिटर्न जमा करना चाहिए। फिर भी ध्यान रखा जाता है कि किसी भी व्यापारी को अनावश्यक परेशान न किया जाए। वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 127 व्यापारियों को नोटिस भेजा गया है। लगातार जीएसटी जमा कराई जा रही है।
– **राम नारायण राय**, असिस्टेंट कमिश्नर, वाणिज्यकर।

### कानून में सरलीकरण व कमियों से हो रही परेशानी



जीएसटी पोर्टल पर कभी भी कनेक्टिविटी जाने या अन्य तकनीकी खराबी जैसे कारणों का व्यापारी को सामना करना पड़ता है। विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारी न तय कर पाने पर कई बार इनपुट न मिलने और जुर्माने की कार्रवाई से गुजरना पड़ता है।
– **राजीव गुप्ता**, जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रतिनिधि मंडल।



एक ट्रेड में प्रत्येक वस्तु की जीएसटी दरों में भिन्नता होने से कई बार छोटी से भूल पर व्यापारी का आर्थिक शोषण किया जाता है। जो कि अनुचित हैं, एक देश एक टैक्स की बात करने वाली सरकार को सभी वस्तुओं को एक समान जीएसटी टैक्स स्लैब बनाना चाहिए। – **अमित वैश्य**, जिला कोषाध्यक्ष, व्यापार प्रतिनिधि मंडल।



जीएसटी लागू किए जाने से अब तक कोई भी ट्रेनिंग विभाग के द्वारा नहीं दी गई है। इससे छोटे और मझौले व्यापारी को कई बार जुर्माना आदि का सामना करना पड़ता है। व्यापारी को जुर्माना भरने का हमेशा भय रहता है। – **संजीव आहूजा**, जिला महामंत्री, व्यापार प्रतिनिधि मंडल।



देश को 1.72 लाख करोड़ का रिकॉर्ड तोड़ जीएसटी संग्रह होता है। इसके बावजूद कानून में सरलीकरण ना होने से व्यापारी जुर्माने की प्रक्रिया से पीड़ित होना पड़ता है। 2017-18 2018-19 के वर्षों में छोटी-छोटी राशि की भूल पर विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है यह अनुचित है। – **नवनीत गुप्ता** जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल।

# स्कूल स्टाफ को धमकाने वाली शिक्षिका निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ प्रधान और स्कूल स्टाफ की शिकायत पर बीईओ से कराई थी जांच, मिली दोषी**

**▸▸ अवकाश वाले दिन रजिस्टर पर किए हस्ताक्षर, एकल विद्यालय में होगी तैनाती**

**अमृत विचार:** ब्लॉक सालारपुर के प्राथमिक स्कूल में कार्यरत स्टाफ के साथ व्यवहार सही न करना एवं अवकाश के दिन स्कूल खोलकर उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना एक शिक्षिका को भारी पड़ गया। शिकायत पर जब बीईओ ने उनकी जांच की तो इस बात की पुष्टि होने पर अब सहायक अध्यापिका को बीएसए ने निलंबित कर दिया है।

ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के साथ मिलकर स्कूल स्टाफ ने बीएसए से शिकायत करते हुए कहा था कि 14 जनवरी को अवकाश के दिन स्कूल खोलकर शिक्षिका अनुपम लता द्वारा रजिस्टर पर 30 दिसंबर के हस्ताक्षर कर दिए गये। यहां तक कि 16 जनवरी को इनके द्वारा अन्य स्टाफ को अनुपस्थित दर्शाते हुए अपने हस्ताक्षर कर दिए गए। बताया गया कि शिक्षिका अनुपम लता का यह मूल गांव भी है। इनकी तैनाती इसी गांव विलहत में होने के कारण स्कूल स्टाफ को अपने परिजनों की मदद से धमकाया भी जाता है।

विलहत स्कूल की सहायक अध्यापक के खिलाफ शिकायत मिली थी। जिसकी जांच कराई गई। जांच में सहायक अध्यापक दोषी मिलीं है। इन्हें निलंबित कर दिया गया है।
– **स्वाती भारती, बीएसए।**

इनके द्वारा न मासिक और न ही संकुल बैठक में भाग लिया जाता है। अक्सर स्कूल से गायब रहती हैं। शिकायत मिलने पर बीईओ सालारपुर को बीएसए ने जांच के आदेश दे दिए। बीईओ द्वारा की गई जांच में सहायक अध्यापक अनुपम लता दोषी मिलीं। बीईओ ने सहायक अध्यापक को निलंबित करने की संस्तुति कर दी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद बीएसए ने सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है। साथ ही बीईओ को आदेश दिए हैं कि सहायक अध्यापक की तैनाती एकल विद्यालय में कर दी जाए।

## एक नजर

### ज्योत्सना राय के स्थान पर सिविल जज जूनियर डिवीजन बनीं मनाली चंद्रा

**बदायूं।** सिविल जज जूनियर डिवीजन ज्योत्सना राय के निधन के बाद मनाली चंद्रा को सिविल जज जूनियर डिवीजन बनाया गया है। मनाली चंद्रा अब तक जेएम सेकेंड थीं। वहीं, उनके स्थान पर सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय पंकज पांडे को जेएम सेकेंड बनाया गया है। समृद्धि मिश्रा जेएम प्रथम पंकज पांडे के स्थान पर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तृतीय बनाई गई हैं। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन चतुर्थ राखी भदौरिया को समृद्धि मिश्रा के स्थान पर जेएम प्रथम बनाया गया। अपर सिविल जज जूनियर डिविजन चतुर्थ का न्यायालय रिक्त है।

### बिजली का सामान बेच रहे थे कर्मी, पकड़े गए, रिपोर्ट

**बिसौली/आसफपुर।** मामला थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम खेड़ा दास का है। यहां आरडीएसएस योजना के तहत कार्य किया जा रहा है इसलिए बिजली का सामाना यहां पर पड़ा रहता है। जिसे कार्यदायी संस्था के कुछ कर्मचारी सरेआम बेच रहे थे। अवर अभियंता और सुपरवाइजर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों को देख कर्मी पिकअप पर लोड हो रही सामान छोड़ भाग निकले। कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर सूर्य प्रताप सिंह ने थाना फैजगंज बेहटा पहुंचकर मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**बिसौली।** घर पर अकेली देखकर एक युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया था। युवती के भाई के आने पर युवक ने उसे धक्का दिया। जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। युवती के परिजनो की तहरीर पर आरोपी सचिन के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी सचिन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# किशोरी से दुष्कर्म पर दस वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने सुनाया फैसला**

**▸▸ दोषी करार करते हुए लगाया 50 हजार जुर्माना**

**अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म करने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने आरोपी को दोषी करार दिया है। आरोपी के खिलाफ दस साल की कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। जुर्माने की राशि जमा न कराने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

आवेदन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा की ओर से 25 जुलाई को थाना अलापुर में तहरीर दी गई थी। इसमें उन्होंने बताया कि गांव में उनका पड़ोसी धर्मपाल 8 मई को उनके घर में घुस आया। जहां उनकी 16 साल की बहन सो रही थी। धर्मपाल ने उनकी बहन को पकड़ लिया। उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और भाग गया। न्यायालय में धर्मपाल के खिलाफ किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया है। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी धर्मपाल को दोषी पाते हुए दस वर्ष की सजा सुनाई। जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# पिकअप की टक्कर से बालक की मौत

**ककराला, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला में भारतीय स्टेट बैंक के सामने पिकअप ने बालक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे बरेली के अस्पताल ले गए। जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

अलापुर क्षेत्र के गांव गौरामई निवासी खुशनूर का आठ साल का बेटा आहिल कुछ दिन पहले अपनी ननिहाल कस्बा ककराला के वार्ड 21 में अपनी ननिहाल में आए थे। मंगलवार शाम वह ककराला के मोहल्ला परा स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने आ रहा था। स्टेट बैंक के सामने पिकअप ने बालक को टक्कर मार दी और भाग गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर ननिहाल के लोग पहुंचे। घायल बालक को बरेली ले गए। जहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। परिजनों ने पिकअप चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# ऑक्सीजन और गैस सिलेंडर फटे, दो की हालत गंभीर

संवाददाता, उझानी/कादरचौक

**▸▸ उझानी के बैंक्वेट हॉल में था शादी समारोह, तेज आवाज के बाद मची भगदड़**

**▸▸ कोतवाली उझानी और थाना कादरचौक क्षेत्र में मंगलवार रात हुए हादसे**

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र में ऑक्सीजन सिलेंडर और कादरचौक क्षेत्र में गैस सिलेंडर फट गया। हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से दोनों को चिकित्सक ने रेफर कर दिया। एक युवक को दिल्ली तो दूसरे को बरेली के अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मंगलवार की रात उझानी क्षेत्र के ज्ञान बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह चल रहा था। इसमें मोहल्ला साहूकारा निवासी हिमांशु स्टेज के गुब्बारे व जोकर में हवा भरने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर लाए थे। हवा भर रहे थे। सिलेंडर के नोजल में कुछ कमी आ गई थी। हिमांशु उसे ठीक रहे थे। सहयोग के लिए उन्होंने बिजली मैकेनिक उदित को भी बुलाया। इसी दौरान छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर तेज धमाके साथ फट गया। समारोह में भगदड़ मच गई। लोग बैंकट हॉल से बाहर भाग गए। हादसे में मोहल्ला साहूकारा निवासी उदित वार्ष्णेय और हिमांशु वार्ष्णेय गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को नौशेरा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हिमांशु की आंख पर चोट लगने की वजह से दिल्ली और उदित का हाथ फटने पर बरेली के लिए रेफर किया गया है। दोनों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है बरेली में चिकित्सक ने हाथ काटने को बोला है।

दूसरा हादसा थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव सुर्खा में हुआ। मंगलवार रात लगभग दो बजे एक दुकान में गैस रिफलिंग की जा रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर फट गया। गनीमत रही कि मौके पर कोई व्यक्ति नहीं था। हादसे में दुकान ढह गई। दुकान के पीछे बने मकान की दीवार दहल गईं। धमाके की आवाज सुनकर लोग डरते हुए पहुंचे। मौके पर सिलेंडर का अवशेष तक नहीं मिला। परखच्चे उड़ गए।



थाना कादरचौक क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से बिखरा सामान। ● अमृत विचार



घायल हिमांशु।



ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से घायल उदित। ● अमृत विचार

# आधी रात पहुंचे अधिकारी भनक लगते ही भागे माफिया

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** आधी रात को क्षेत्र में खनन होने की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने पूरा इलाका घेर लिया। खनन अधिकारी के पहुंचने की भनक लगते ही खनन माफिया इलाका छोड़ कर भाग गए। रात भर पुलिस खनन करने वालों को खोजती रही मगर हाथ कोई नहीं लगा।

क्षेत्र में अवैध रूप से खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। गंगा किनारे बालू का खनन करने वाले माफिया अधिकांश रात में काम करते हैं। और पूरी रात डंपर से बालू ढोते हैं। मंगलवार की रात को एक नेता ने एडीएम को फोन पर अवैध खनन होने की सूचना दी। जिस पर एडीएम ने खनन अधिकारी को रात में ही सहसवान की और दौड़ा दिया। आधी रात को सहसवान क्षेत्र में पहुंचे अधिकारियों ने रोडों पर डेरा जमा लिया। अपनी गाड़ियों को इधर-उधर खड़ी करने के बाद पुलिस के साथ वह लोग रोड पर खड़े हो गए। खनन अधिकारी के पहुंचने की खबर किसी तरह खनन माफिया को लग गई जिससे खनन करने वाले अपने अपने वाहन लेकर इलाके से बाहर निकल गए। खनन अधिकारी करीब तीन घटे तक इलाके में डटे रहे। उन्होंने कस्बे में दुकानों के आगे लगे कैमरे भी देखे जिनमें ट्रैक्टर ट्राली में बालू भर कर ले जाते देखे जा रहे हैं। खनन अधिकारी सुबह पांच बजे तक डटे रहे मगर उस दिन एक भी ट्रैक्टर ट्राली हाथ नहीं लगी। लोगों ने बताया कि इधर रात दस बजे के बाद से ट्रैक्टर ट्राली बालू लेकर निकलते हैं, जो सुबह आठ बजे तक चलते रहते हैं। स्थानीय पुलिस मौन साधे बैठी रहती है। खनन अधिकारी भी इधर कभी नही आते हैं। आरोप है कि पुलिस और खनन अधिकारी को उसका हिस्सा पहुंचा दिया जाता है, जिसके बाद रात में यह काम किया जाता है।

# कुष्ठ रोग गोष्ठी में बताए बीमारी के लक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में बुधवार को लाला छोटेलाल राधेश्याम नवयुवक इंटर कॉलेज एवं गिन्दो देवी महाविद्यालय में कुष्ठ गोष्ठी आयोजित किया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ सुधीर कुमार गुप्ता ने कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया।

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. सुधीर कुमार गुप्ता ने कुष्ठ रोग गोष्ठी में इसके लक्षण से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें। उन्हें सम्मान से गले लगाएं। कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है। इसका उपचार किया जाता है और रोगी ठीक हो जाता है। कुष्ठ रोग गोष्ठी में नवयुवक इंटर कॉलेज के प्राचार्य सुबोध कुमार मिश्रा एवं गिन्दो देवी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गार्गी बुलबुल का विशेष सहयोग रहा। कुष्ठ विभाग के डॉ सुधीर कुमार गुप्ता, एन एम ए मानवीर सिंह तथा पीएमडब्ल्यू गौरव यादव ने प्रतिभाग किया।

# ब्लॉक में फंदे से लटका मिला सफाई कर्मी का शव

संवाददाता, उझानी

**▸▸ बुधवार सुबह भाई ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी, दोपहर में मिला शव**

**अमृत विचार :** नगर उझानी के बदायूं रोड स्थित खंड विकास कार्यालय परिसर के खाली पड़े आवास में दो दिन से लापता चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव पंखे पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक इरशाद सैफी।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव तेहरा निवासी इरशाद सैफी (40) पुत्र रियाजउद्दीन सैफी विकास खंड कार्यालय में सफाईकर्मी थे। वह अपने भाई फैयाज सैफी के साथ कस्बा उझानी के मोहल्ला अयोध्यागंज में रहते हैं। इरशाद सोमवार को गांव से कुछ सामान लाने की बात कहकर घर से गए थे। जिसके बाद लापता हो गए थे। परिजनों ने इधर-तलाश तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका था। जिसके चलते उनके भाई फैयाज सैफी ने बुधवार सुबह कोतवाली उझानी में इरशाद सैफी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी थी। दोपहर लगभग दो बजे ब्लॉक पर काम से गए एक ग्राम प्रधान ने इरशाद का शव विकास खंड कार्यालय परिसर में खाली पड़े आवास में फंदे पर लटका देखा तो चिलाने लगे। पुलिस को सूचना दी। पुलिस और परिजन पहुंचे। फॉरेंसिक टीम आ गई। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। सफाईकर्मी की पत्नी और दो बेटे हैं। उझानी कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। प्रथम दृष्टया आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे दिन भी नहीं चला लापता चालक का सुराग

**बदायूं, अमृत विचार :** मुजरिया क्षेत्र से तीन दिन पहले लापता हुए ई-रिक्शा चालक का पता नहीं चल सका है। उनका मोबाइल फोन भी बंद है। जिसके चलते लोकेशन ट्रेस न हो पाने की वजह से पुलिस सीडीआर निकलवाकर कॉल रिकार्ड चेक करेगी। बुधवार को चालक के परिजन थाना मुजरिया गए। पुलिस पर धीमी गति से काम करने का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक चालक को जल्द ही सकुशल बरामद करने का आश्वासन दिया तो परिजन थाने से चले गए।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। पांच जनवरी को वह ई-रिक्शा लेकर मुजरिया चौराहे गए थे। वहां से वह ई-रिक्शा लेकर सहसवान की ओर चले गए थे। रास्ते से लापता हो गए। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। चालक के ताऊ ओमकार ने गुमशुदगी दर्ज कराई।

# 25 हजार का इनामी दबोचा तमंचा व कारतूस बरामद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी, गैंगस्टर एक्ट के आरोपी वांछित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेजा गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबूलपुरा के मुगल गार्डन निवासी मोहम्मद साहिल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके खिलाफ सिविल लाइन कोतवाली में गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, सीएस एक्ट आदि की रिपोर्ट दर्ज हैं। उसकी प्रवृत्ति में बदलाव न होने और आपराधिक कृत्यों में लगातार शामिल रहने की वजह से कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की थी। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। जिसके चलते उसके ऊपर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद साहिल को बरेली बाईपास पर अवंती तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी साहिल।

**▸▸ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के बाद से फरार चल रहा था आरोपी मोहम्मद साहिल**

## अच्छी पहल

केंद्र सरकार की ओर से जारी किए गए दिशा निर्देश, गुरुवार को नशा मुक्ति उपचार केंद्र का होगा वर्चुअल उद्घाटन

# नशा मुक्ति के लिए नहीं जाना होगा बाहर, जिला अस्पताल में मिलेगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ केंद्र की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट मैनेजर बदायूं पहुंची**

**अमृत विचार :** अब अन्य बीमारियों के साथ ही नशा छुड़ाने के लिए लोगों का उपचार भी जिला अस्पताल में किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से जिला अस्पताल में नशा मुक्ति उपचार केंद्र बनाया गया है। केंद्र का गुरुवार को केंद्रीय मंत्री द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा।

केंद्र सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर रोज कोई नया कदम उठाया जा रहा है। जिला अस्पताल में जहां एक ओर डायलिसिस यूनिट लगाई गयी है। वहीं, आईसीयू कक्ष भी पिछले दो महीने से चल रहा है और अब एक और नया कार्य होने जा रहा है जो ऐतिहासिक है। केंद्र सरकार की ओर से जिला अस्पताल में नशा मुक्ति उपचार केंद्र खोला जा रहा है। नशा मुक्ति उपचार केंद्र का उद्घाटन केंद्र सरकार के मंत्री वीरेन्द्र कुमार 8 फरवरी को वर्चुअल करेंगे। उद्घाटन से पहले यहां नशा मुक्ति उपचार केंद्र की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट मैनेजर मनीषा पहुंच गई हैं। उन्होंने बुधवार को सीएमएस डा. कप्तान सिंह से मिल कर नशा मुक्ति केंद्र की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। वहां पर किस जगह पर क्या करना है। सभी चीजों को अपने सामने ही ठीक कराया। बिल्डिंग की दीवारों पर पेंटिंग की गयी है। उस पर नशा से संबंधित स्लोगन लिखे जाएंगे। मनीषा ने बताया कि नशा मुक्ति उपचार केंद्र पर एक एमबीबीएस डॉक्टर तैनात रहेगा, जो हर समय नशा करने वालों को देखेगा। उन्हें कब दवाएं देनी हैं, कब खाना दिया जाएगा। इसका पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा और नशा छुड़ाने के लिए उनकी काउंसलिंग हर रोज की जाएगी।

जिला अस्पताल में बनाया गया नशा मुक्ति उपचार केंद्र पर एक एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती रहेगी। सुरक्षा का पूरा इंतजाम रहेगा। इसके लिए निकट में बनी पुलिस चौकी के सिपाही यहां पर सुरक्षा में मौजूद रहेगे, जो परिजन अपने सगे संबंधियों को यहां पर रख कर नशे से निजात दिलाना चाहते हैं, उन्हें एक फार्म भरना होगा। उस पर उनकी सहमति असहमति दर्ज करनी होगी। उसके बाद वह अपने मरीज को सुबह दस बजे यहां ला सकते हैं और शाम को वापस अपने साथ लेकर जा सकते हैं। यहां पर किसी को रखा नहीं जाएगा।
– **डा. एसएम कमल**– नोडल अधिकारी, नशा मुक्ति उपचार केंद्र।

पूरे प्रदेश में केवल आठ जनपदों के जिला अस्पतालों में नशा मुक्ति उपचार केंद्र का 8 फरवरी को वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा। इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से यहां प्रोजेक्ट मैनेजर मनीषा यहां पहुंच गई हैं। उनके दिशा निर्देशन में सारे कार्य किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार गुरुवार को वर्चुअल उद्घाटन करनेंगे। इस मौके पर जिलाधिकारी सहित पूरा प्रशासनिक अमला तैयार रहेगा। बुधवार को यहां पर सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।
–**डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस।

16 साल से ऊपर के वयस्कों का नशा छुड़ाने के लिए सरकार ने नशा मुक्ति उपचार केंद्र की शुरुआत की है। जिला अस्पताल में अब तक यह सुविधा नहीं थी मगर अब जिला अस्पतालों में नशा मुक्ति केंद्र बना कर एक नया कार्य किया गया है।

# कार्रवाई: दो अवैध मेडिकल स्टोर पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/बिसौली

**▸▸ दवाओं के सैंपल लेकर दुकानों को किया गया सील**

**▸▸ औषधि निरीक्षक व पुलिस ने की छापेमार कार्रवाई**

**अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापे मार कर अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर पर दवाओं का भंडारण पकड़ा है। विभाग ने दोनों मेडिकल स्टारों से पांच-पांच दवाओं के सैंपल लेकर दुकानों को सील कर दिया है।

बुधवार को बिसौली-बिल्सी रोड स्थित चीनी मिल के निकट के मुख्य रोड पर औषधि निरीक्षक बबीता रानी और बिसौली पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई की। बबीता रानी ने सबसे पहले मुकेश कुमार के मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। यहां पर मेडिकल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। फर्जी तरीके से मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा था। औषधि निरीक्षक ने यहां पर दवाओं का भंडार देखा तो उनका दिमाग भी चकरा गया। उन्होंने यहां से पांच दवाओं के सैंपल लिए और मेडिकल स्टोर सील कर दिया। मुकेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई को लिखा गया है। उसके बाद टीम ने पास के धर्मेन्द्र यादव निवासी तखौरा के मेडिकल स्टोर पर छापा मारा उसका भी रजिस्ट्रेशन नहीं था। औषधि निरीक्षक ने पुलिस की मदद से दवाएं जब्त कर ली और पांच दवाओं के सैंपल लिए उसके बाद स्टोर सील कर दी। धर्मेन्द्र यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। धर्मेन्द्र यादव मौके से भाग गया।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि दोनों मेडिकल स्टोर अवैध रूप से चला रहे थे। दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने को पुलिस को तहरीर दी गयी है।



मेडिकल स्टोर से बोरी में दवाएं भरतीं औषधि निरीक्षक बबिता रानी।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

# कटरा में आग से जल गईं 20 झोपड़ियां दर्जनों लोग खुले में रहने को मजबूर

## लोगों का हजारों का सामान जलकर हो गया राख, प्रशासन से मुआवजे की रखी मांग

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव कटरा सहादतगंज में गंगा के बांध के नीचे झोपड़ी डाल कर गुजर बसर करने वाले पंखिया समुदाय के झोपड़ीनुमा घरों में तेज हवा के बीच भीषण आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। पुलिस और अग्निशमन विभाग की तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक घरों में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने तहसील प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।


आग पर काबू पाते थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह।

**▸▸ उसहैत के बाढ़ प्रभावित गांव जटा से पलायन होकर कटरा सआदतगंज में कर रहे निवास**

> उसहेत क्षेत्र में आगजनी की घटना हुई है। जानकारी मिल चुकी है। लेखपाल को भेज कर क्षति का आंकलन कराया जाएगा। उसके बाद पीड़ितों को राहत प्रदान की जाएगी। – **धर्मेंद्र कुमार सिंह**, एसडीएम दातागंज।

### इन लोगों की जली झोपड़ी

आग लगने की वजह से कालू, इकराम, अफजल, हसन, मुफीद, हुसैन, राशिद, आसिफ, अंसार, यासीन मोहम्मद, सदरे आलम, नवाब, इकबाल, जुसीद, सरवर के अलावा शमसुद्दीन, दिलावर, इसहाक, फैजुद्दीन, इश्तियाक के झोपड़ीनुमा मकान आग की चपेट में आकर खाक हो गए।

उसहैत क्षेत्र का गांव जटा बाढ़ प्रभावित रहा है। जिसके चलते वहां रहने वाले पंखिया जाति के लोग गांव कटरा सआदतगंज में गंगा के बांध पर झोपड़ी डालकर रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर परिवार के लोग बाहरी जिलों में रहकर मजदूरी कर रहे हैं तो कोई और काम करके परिवार का पालन पोषण कर रहा है। बुधवार दोपहर लगभग ढाई बजे एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग की लपटें बढ़ती गईं। एक के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरी झोपड़ी में आग बढ़ती गई। धीरे-धीरे करके आसपास की तकरीबन 20 झोपड़ियों में आग लग गई। घास फूस की होने की वजह से झोपड़ियां तेजी से जलती गईं। लोगों ने अपने परिवार और बच्चों को बाहर निकालकर बचाने की कोशिश की। आग की तेज लपटें देखकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन प्रयास विफल रहा। आग की ऊंची लपटों की वजह से बहुत से ग्रामीण दूर चले गए लेकिन पशुओं को झोपड़ियों से बाहर सकुशल बाहर निकालकर दूर बांध दिया गया। बदायूं और दातागंज से पानी लेकर देकर दमकल की दो गाड़ियों पहुंची तो आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक झोपड़ियों में रखा अनाज, कपड़ा, भूसा, चारपाई आदि जल गया।

**क्षति का किया आंकलन :**

सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार छविराम सिंह मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन किया है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि आग से कोई भी जनहानि नहीं हुई है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। प्रशासन को रिपोर्ट दर्ज दी जाएगी। ज्यादातर लोग बाहर रहते हैं। जितने लोग हैं, उन्हें पास में ही रखवाया गया है।

# ट्रैक्टर से टूटा पोल न बदलने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिल्सी


बिजली के टूटे पोल के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**अमृत विचार :** कछला-शाहाबाद हाइवे स्थित गांव अंबियापुर में पिछले पांच दिन पहले एक गन्ना की ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बिजली का पोल टूटा गया, जिसे अभी तक नहीं बदला गया है। जिसके कारण यहां के कई घरों की बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। जिसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। मगर किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। इससे क्षुब्ध होकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को यहां के पोल के पास एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही शीघ्र टूटे पोल को बदलवाए जाने की मांग की है।

**▸▸ अंबियापुर में पांच दिनों से कई घरों की ठप पड़ी है बिजली परेशान बढ़ी**

गांव के भूप सिंह ने बताया कि उक्त पोल से गांव की दलितों की बस्ती में बिजली आपूर्ति होती है। जिसके कारण अधिकारियों द्वारा उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले पांच दिनों से उनकी बस्ती में अंधेरा पड़ा हुआ है। बिजली के अभाव में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं रात को अपनी पढ़ाई तक नहीं कर पा रहे है। गांव के लोगों ने इस समस्या को लेकर बिजलीघर के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। मगर किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने डीएम से टूटे पोल को बदलवाए जाने की मांग की है।

इस मौके पर रोहित कुमार, अमर सिंह, छत्रपाल, विकास कुमार, नीरज कुमार, जसवीर सिंह, बृजेश कुमार, गुड्डी देवी, मीरा देवी, विमला देवी, हरवती, गुड़िया आदि मौजूद रहे।

# शिविर में वित्तीय फ्रॉड के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पार्वती आर्य कन्या संस्कृत इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में आरओ शाह असलम एवं शहर शाखा की शाखा प्रबंधक सिम्मी साहू ने कार्यक्रम का आरंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता आलोक ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

समापन अवसर पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि ने सभी छात्रों से लगन के साथ पढ़ने और समाज में अपना नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सिम्मी साहू ने स्वयं सेवकों को बैंक में किसी भी तरह के फ्रॉड के विषय में बताया और सभी को जागरूक किया। साथ ही एसबीआई बैंक की तरफ से बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इनाम की घोषणा की। यह कार्यक्रम गीतांजलि के निर्देश में संपन्न हुआ।


सात दिवसीय शिविर के समापन पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**▸▸ सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन**

# दवा लेने आए युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव के कस्बा निवासी ताराचंद्र (30) पुत्र रामेश्वर की कुछ दिनों से तबीयत खराब हो गई थी। उन्हें सर्दी के साथ बुखार आ गया था। कस्बा के चिकित्सक से दवा लेने के बाद भी उनकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते वह अपने चाचा के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज गए थे। जहां दवा लेने के बाद वह घर के लिए चल दिए।

कोवताली सिविल लाइन क्षेत्र में भामाशाह चौक पर टेंपो का इंतजार कर रहे थे। अचानक गश खाकर गिर गए। चाचा ने एंबुलेंस बुलवाई। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ग्रामीणों में दहशत बरकरार, तेंदुआ को पकड़ने को रणनीति बनाई गई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ पिछले चार दिनों से दहशत के साये में जी रहे हैं सहसवान व बिल्सी के लोग**

**▸▸ रात में जंगलों में कांबिंग कर रही हैं टीमें, तेंदुआ का नहीं लगा कोई सुराग**

> वन विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। उम्मीद है कि 8 और 9 फरवरी तक परिणाम सामने आ जाएगा। वन विभाग की चार टीमें क्षेत्र में निगरानी कर रही हैं। ग्रामीणों की भी मदद ली जा रही है। – **प्रदीप कुमार वर्मा** – डीएफओ।

**अमृत विचार:** तहसील बिल्सी और सहसवान क्षेत्र के लोगों को मुसीबत बना तेंदुआ अभी वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। विभाग की टीमें रात दिन जंगल में नजरे लगाए हैं। पुलिस के साथ ग्रामीण भी रात को जंगल खंगाल रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने एक रणनीति बनायी है उस पर गुरुवार से काम किया जाएगा। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

पिछले चार दिन से बिल्सी उझानी क्षेत्र में किसी बड़े जानवर के पगचिह्न देखने को मिले। उसके बाद यहां के लोग सतर्क हो गए। बिल्सी उझानी क्षेत्र की सीमा से सटे सहसवान के लोगों ने भी भय के कारण फसलों की रखवाली बंद कर दी है।

सहसवान क्षेत्र में तेंदुए जैसे जानवर के पगचिह्न देखने को मिले हैं। सहसवान क्षेत्र के ग्राम पूर्वी खेड़ा के लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी है जिसके बाद वन विभाग ने इस क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी है। गांव के लोग रात के समय खेतों पर नहीं जा रहे हैं। फसलों को गोवंश नष्ट कर रहे हैं। भय के चलते रात के समय गांव के बाहर कोई दिखाई नहीं देता है। दिन में भी कई कई लोग एकत्र होकर खेतों की ओर जा रहे हैं।

सहसवान पुलिस का कहना है कि रात के समय रोड पर चेकिंग बढ़ा दी गयी है। खेतों की ओर जाने वाले चकरोडों पर भी निगरानी की जा रही है। फसलों में न घुसने की हिदायत ग्रामीणों को दी गयी है। पशुओं की रखवाली करने को कहा गया है। पूर्वी खेड़ा गांव में प्राथमिक विद्यालय है। इस विद्यालय में छोटे बच्चों के परिजन स्कूल नहीं भेज रहे हैं। हालांकि कुछ ग्रामीण अपने बच्चों को खुद स्कूल तक छोड़ने जा रहे हैं। गांव में लगभग दो हजार की आबादी है फिर भी शाम होते ही गांव के लोग घरों में छिप जाते हैं।

डीएफओ के अनुसार वन विभाग ने अज्ञात जानवर को घेरने के लिए एक रणनीति बनाई है। इसके तहत सहसवान क्षेत्र के जंगल में अपने अड्डे बना लिए हैं। यहां पांच-पांच वन कर्मी मौजूद रहेंगे। रात और दिन को इनकी ड्यूटी बदली जाएगी। वन विभाग कर्मचारी पिंजड़े के साथ जंगल में बैठेंगे यदि कोई जानवर है तो पिंजरे में फंसेगा।


Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# अपात्रों को दे दिए पट्टे एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिसौली, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरोहित खेड़ा प्रधान पर ग्राम समाज की भूमि पर आवंटित पट्टे अपात्रों को देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जांच कराने के बाद कार्रवाई करने की मांग की है। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुरोहित खेड़ा के दर्जनभर से अधिक ग्रामीण बुधवार को तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने एसडीएम कल्पना जायसवाल को ज्ञापन देते हुए ग्राम प्रधान पर ग्राम समाज की भूमि पर अपात्रों को पट्टे आवंटित कराने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने एसडीएम से अपात्रों को दिए गए पट्टे निरस्त कर दोबारा से पात्रों को देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामकिशोर, लालू, कुलदीप, अवनीश आदि शामिल रहे।

# सीजेएम ने शहर कोतवाल को दिया कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**▸▸ 12 फरवरी को अदालत में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया**

**अमृत विचार :** सीजेएम मोहम्मद साजिद की अदालत में सरकार बनाम मुशाहिद का धारा 420, 467, 468, 469 आदि मुकदमा चल रहा था। इसमें शहर के मोहल्ला जालंधरी सराय निवासी मुशाहिद अली पुत्र शाहिद अली, साहिब पुत्री शाहिद अली, रोहिल्ला पुत्री शाहिद अली अभियुक्त हैं। कोर्ट से खिलाफ वारंट जारी किए हैं। कोतवाली को 22 सितंबर 2023 को वारंट प्राप्त कराए गए थे। 18 दिसंबर को निष्पादन कर आख्या कोर्ट को उपलब्ध नहीं कराई गई जबकि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश एक दिसंबर 2023 के अनुसार अभियुक्तों की उपस्थिति के आदेशित किया गया है। कोर्ट ने माना कि शहर कोतवाल जानबूझकर न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, जो घोर आपत्तिजनक और खेद का विषय है। सीजेएम ने शहर कोतवाल को आदेशित किया कि वह 12 फरवरी 2024 को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि किन परिस्थिति में उन्होंने कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया। क्यों न इस कृत्य के लिए उनके खिलाफ धारा 29 पुलिस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर दंडित किया जाए। अगर नियत तिथि पर वह कोर्ट में आकर लिखित स्पष्टीकरण देते हैं तो यह माना जाएगा कि उन्हें यह स्वीकार नहीं है।

# एआरटीओ प्रवर्तन ने सीज की स्कूल की ओवरलोड वैन


वैन को सीज करते एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार।

**उझानी, अमृत विचार :** कछला से बदायूं आते समय एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार को बच्चों को ले जा रही स्कूल वैन ओवरलोड मिली। वैन का पीछा किया। पुरानी अनाज मंडी के पास वैन को सीज करके कोतवाली में खड़ा करा दिया। एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार बुधवार को कछला से बदायूं की ओर आ रहे थे। उसके बाद उन्होंने कार्रवाई की।

# दातागंज और सदर विधायक ने विकास के लिए सीएम को सौंपे मांग पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बजट जारी होने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास संबंधी प्रस्ताव मांगे थे। सदर और दातागंज विधानसभा क्षेत्र के विधायकों ने मांग पत्र दिए हैं।

विधानसभा दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया की पैरवी पर विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का बायोगैस प्लांट लगाया गया है। जिससे क्षेत्र के हजारों किसान पराली, गोबर आदि से कमाई कर सकेंगे। तीन फरवरी को राज्य वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से उनके क्षेत्र के विकास कार्यों के मांग पत्र मांगे थे। इसमें दातागंज विधायक ने क्षेत्र में बाइपास और स्टेडियम निर्माण कराने की मांग की है। वहीं किसानों की सहूलियत के लिए क्षेत्र में चीनी मिल की मांग की है।


महेश चंद्र गुप्ता, सदर विधायक।


राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया, दातागंज विधायक।

**▸▸ दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने बाइपास, चीनी मिल तो सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मांगा इंजीनियरिंग कॉलेज**

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भी मांग पत्र दिया है। जिसमें उन्होंने बताया कि मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के लगभग 100 बीघा जमीन पर इंजीनियरिंग कॉलेज का प्रस्ताव कई साल पहले स्वीकृत हो गया था लेकिन बजट जारी न होने से निर्माण नहीं हो सका है। इसके लिए बजट दिलाने एवं शहर के आसपास रिंग रोड बनवाने की मांग रखी है। उन्होंने वजीरगंज में नगर पंचायत की जमीन पर स्टेडियम बनवाने और शेखूपुर स्थित चीनी मिल के विस्तारीकरण की मांग की है।

# ग्रामीणों ने रुकवाया सीसी रोड का निर्माण

**उघैती।** बदायूं-बिजनौर मार्ग से सटे लिंक रोड पर बन रहे सीसी रोड का निर्माण बुधवार को ग्रामीणों ने रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने सीसी रोड हाईवे से न डाल कर दूसरी ओर से बनाया है जिससे बीच का रास्ता छूट गया है यहां पर जलभराव होगा और लोगों को इससे परेशानी होगी इसलिए काम बंद करा दिया गया। बुधवार को उघैती महानगर लिंक रोड पर चल रहे सीसी का निर्माण कार्य व्यापारियों ने रुकवा दिया। व्यापारी ने बताया कि तीन सौ मीटर की सीसी रोड प्रस्तावित किया गया है, जो कि ठेकेदार ने हाईवे से न लेकर दूसरी तरफ से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इससे तीन सौ मीटर की सीसी बीच में ही समाप्त हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बचे हुए रोड पर जलभराव की समस्या रहेगी। वहीं, व्यापारियों का कहना है कि सीसी रोड का निर्माण कार्य देवी मंदिर तक पूरा किया जाए। इस दौरान बॉबी शर्मा, अजीत पालीवाल, मनोज शाक्य, रिंकू आदि रहे।

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ सिढ़पुरा ब्लॉक की चुनाव प्रक्रिया ब्लॉक सिढ़पुरा परिसर में सुबह 10 बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक कैंप कार्यालय अमांपुर रोड पर सुबह 11 बजे से।
- श्री वराह दिव्यांग सेवा समिति द्वारा मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह 11 फरवरी को

**कासगंज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विद्यालय के तत्वावधान में दिव्य अलौकिक समर्पण समारोह 11 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगा। सत्यधाम के कमल माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम एसएस ग्रीन फार्म शांति सूरज शांति बिहार नदरई गेट पर होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा व सांसद राजवीर सिंह, पूर्व भारती नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल सतीश घोरमढे अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## आज प्रभू पार्क फीडर से बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**कासगंज।** गुरुवार को प्रभु पार्क लाइन के समीप पेड़ों की छंटाई की जाएगी। इसके लिए विद्युत उपकेंद्र प्रभु पार्क से शटडाउन रहेगा। इससे पूर्वाह्न 11 से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता सत्येंद्र गंगवार ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### वन विभाग ने सर्वे के बाद प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा, लखनऊ में चल रहा मंथन, जल्द मिल सकती है स्वीकृति

# गंगा में 4.72 करोड़ रुपये से डॉल्फिन के संरक्षण की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



गंगा से निकली इसी हजारा गंग नहर में बच्चों के साथ देखी गई थी डॉल्फिन।

- कासगंज-अलीगढ़ के बीच गंगा में दतलाना और कादरगंज सहित कई जगह चिह्नित किए प्वाइंट
- शासन से जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद, संरक्षण को बनाई जाएगी विशेष योजना

**अमृत विचार :** जिले में दुर्लभ प्रजातियों में गिनी जाने वाली डॉल्फिन के संरक्षण की कवायद जारी है। गंगा से निकली हजारा गंग नहर में पिछले साल डॉल्फिन का परिवार देखा गया था, जिसके बाद संरक्षण की पहल और तेज कर दी गई। अलीगढ़ के प्रभागीय निदेशक की ओर से 4.72 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। इसको लेकर शासन स्तर पर मंथन जारी है।

वन विभाग ने अलीगढ़ से कासगंज के बीच डॉल्फिन के संरक्षण के लिए सर्वे किया था। लगभग छह महीने पहले किए गए सर्वे में यहां डॉल्फिन के सुरक्षित रहने की तमाम संभावनाएं तलाशी गईं। इसके बाद वन विभाग ने डाल्फिन के संरक्षण की योजना बनाई। अलीगढ़ के प्रभागीय निदेशक दिवाकर वशिष्ठ की ओर से कासगंज-अलीगढ़ के बीच गंगा में करीब 72 किमी एरिया में गहराई के कई स्थान चिह्नित किए गए। जहां डॉल्फिन संरक्षण के लिए च वाच टॉवर बनाने, स्टीमर व नाव आदि सामान खरीदने और जगह-जगह सर्वे की योजना को शामिल करते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। यह प्रस्ताव अभी लंबित हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार शासन ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है, केवल आदेश जारी होना बाकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाएगी। उसके बाद डॉल्फिन संरक्षण की कवायद और तेज हो जाएगी।

### गहरे पानी में खुद को सुरक्षित महसूस करती है डॉल्फिन

वन विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि डॉल्फिन एक ऐसा जलीय जीव है जो गहरे और स्वच्छ पानी में रहना पसंद करती है। कासगंज के दतलाना, कादरगंज सहित कई प्वाइंट ऐसे हैं जहां गंगा नदी में पानी की गहराई अधिक है।

### अलीगढ़ और कासगंज में चार वॉच टॉवर बनाए जाएंगे

अलीगढ़ व कासगंज में डाल्फिन संरक्षण के लिए 4 .72 करोड़ का प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा है। इसमें चार वॉच टॉवर बनवाए जाएंगे। इसके अलावा स्टीमर व नाव समेत कई उपकरण खरीदे जाएंगे। गंगा किनारे रहने वाले लोगों को संरक्षण के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। वन विभाग, मत्स्य विभाग व ग्राम्य विकास विभाग के अफसरों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

### राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित है डॉल्फिन

डाल्फिन दुर्लभ प्रजातियों जीवों में से एक है। 2009 में केंद्र सरकार ने इसे राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। इसके बाद देश भर में गंगा डाल्फिन के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

> डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा गया है। इस पर शासन स्तर पर मंथन चल रहा है। जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभावना है। उसके बाद डॉल्फिन संरक्षण की कवायद तेज हो जाएगी। **-दिवाकर वशिष्ठ,** प्रभागीय निदेशक वन विभाग, अलीगढ़

## एक नजर

### जानलेवा हमले में दोषी को सात साल की सजा

**कासगंज।** हत्या के प्रयास और एससी एसटी एक्ट मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी अन्नू निवासी आवास विकास कॉलोनी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोषी को सात वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता लोकेश कुमार ने की।

### मारपीट के दोषी को सजा

**कासगंज।** मारपीट के एक मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी टीटू निवासी नगला खारी थाना अमांपुर को दोष पाया गया। कोर्ट ने उसे न्यायालय उठने तक की सजा और तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़ित पक्ष की ओर पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष कुमार ने की।

### तीन जुआरी गिरफ्तार

**कासगंज।** ढोलना थाना पुलिस ने बुधवार को जुए के अड्डा पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सचिन, नरेंद्र, गजराज निवासी नगला तकदीर थाना ढोलना हैं। उनसे 1390 रुपये बरामद हुए।

# मोहनपुर मंडी में मटर ज्यादा क्या आई बरेली-मथुरा हाईवे छह घंटे जाम

### चार किमी की दूरी तीन घंटे में तय कर पाए वाहन, दिनभर जूझते रहे पुलिस वाले, हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रालियां बेतरतीब खड़े होने से बिगड़ी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




एटा की मारहरा पुलिस चौकी के सामने हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



बरेली-मथुरा हाईवे पर लगी वाहनों की कतार।

**अमृत विचार:** पुलिस अधिकारी मोहनपुर मटर मंडी में व्यवस्थाएं चाक चौबंद बनाने का दावा कर रहे हैं लेकिन वहां के हालात अधिकारियों के दावों को झुठला रहे हैं। अव्यवस्थाएं हावी है। जिम्मेदारों की अनदेखी का आलम यह है कि मंडी में पहुंचने वाले वाहनों के बेतरतीब खड़े होने की वजह से बुधवार को बरेली-मथुरा हाईवे पर ऐसा जाम लगा कि करीब छह घंटे तक दोनों तरफ से वाहन फंसे रहे। राहगीरों को पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया। वाहन चालक चार किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में तय कर पाए। जाम में घंटों फंसने से राहगीरों ने सबसे ज्यादा दिक्कतें झेलीं। तैनात पुलिस कर्मी जाम खुलवाने के लिए दिनभर जूझते रहे।

एटा व कासगंज जिले की सीमा पर मोहनपुरा में मटर मंडी बरेली-मथुरा हाईवे के दोनों तरफ लगती है। मौसम साफ होने से इन दिनों मंडी में हरी मटर की आवक बढ़ गई है। किसान बड़ी संख्या में हरी मटर की फली लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। बुधवार को मटर लेकर पहुंचे चालकों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रालियां व दूसरे वाहन बेतरतीब तरीके से बरेली-मथुरा हाईवे किनारे खड़े कर दिए। इससे सुबह करीब नौ बजे से वहां जाम लगना शुरू हो गया। धीरे-धीरे मटर लदे वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ जाम के हालात बिगड़ते गए। पूर्वाह्न 11 बजे तक हालात यह हो गए कि बरेली-मथुरा हाईवे पूरी तरह से जाम हो गया। वहां तैनात पुलिस कर्मी वाहनों को इधर-उधर हटवाकर जाम खुलवाने की कोशिश में जुटे थे। फिर भी मटर मंडी के दोनों ओर करीब चार किमी तक जाम लग गया।

इस बीच की दूरी तय करने के लिए वाहन चालकों को करीब तीन घंटे लग गए। जाम के बीच एक ट्रैक्टर चालक व रोडवेज बस चालक में गाड़ी आगे पीछे करने को लेकर नोकझोंक हो गई। विवाद बढ़ता देख मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया। पुलिस घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 5 बजे जाम खुलवा सकी। इसके बाद वाहन कुछ तेजी से रेंगना शुरू हुए। हालांकि जाम की स्थिति देर शाम तक रही।

> मोहनपुरा पर जाम की समस्या पहले से काफी कम हुई है। अतिरिक्त पुलिस लगाई गई है। जब किसानों के वाहनों का दबाव ज्यादा बढ़ता है तभी यह समस्या उत्पन्न होती है। जाम न लगे इसके लिए पुलिस के प्रयास जारी हैं।
> -सुधीर कुमार सिंह, इंस्पेक्टर

### यह एक दिन की स्थिति नहीं, हर रोज हाईवे पर लगा रहता है जाम

मोहनपुरा मटर मंडी बरेली-मथुरा हाईवे किनारे लगती है। इस कारण हाईवे किनारे वाहन खड़े रहते हैं। मोहनपुर मंडी में दिल्ली, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश समेत पांच से छह राज्यों के व्यापारी मटर खरीदने आते हैं। स्थानीय किसान और व्यापारी भी वाहन लेकर पहुंचते हैं। इसकी वजह से बरेली-मथुरा हाईवे पर रोजाना ही जाम लगता है।

### खुद जाम में फंसकर भी समस्या को नजरअंदाज करते हैं वीआईपी

मटर मंडी से चंद दूरी पर गांव टीकमपुरा है। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी का आवास है। वह प्रतिदिन अपने आवास आते जाते हैं। वह कई बार जाम में फंसते हैं। सदर विधायक देवेंद्र राजपूत इसी मार्ग पर गांव नदरई में रहते हैं। वह मोहनपुरा होकर कई बार अपने विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हैं। इलाका वीआईपी होने के बावजूद भी यहां व्यवस्थाएं बेहतर नहीं हैं।

### मोहनपुर मंडी में कीचड़ से बुरा हाल

दो दिन पहले बारिश होने से मोहनपुरा मटर मंडी कीचड़ से बुरा हाल है। कीचड़ की वजह से मंडी में फिसलन रहती है। इसकी वजह से मटर लेकर पहुंचने वाले किसानों और दुकानदारों को बेहद दिक्कत हो रही है।

# रात में रही गलन भरी ठंड, दिन में खिली धूप

संवाददाता, कासगंज

- बारिश के बाद मौसम में आया बदलाव, तेज हवा चलने से सरसों को होगा नुकसान
- फसलों के लिए बेहद फायदेमंद होता है यह मौसम, अच्छी पैदावार होने की उम्मीद

**अमृत विचार :** दो दिन पहले हुई बारिश के बाद मौसम में एक बार फिर परिवर्तन देखने को मिला। पहाड़ों पर बर्फबारी होने से रात को गलन भरी ठंड रही। दिन में आसमान साफ रहने के साथ धूप खिली, लेकिन तेज हवा लोगों को परेशान करती रही। तेज हवा से सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। जानकारों के अनुसार बारिश के बाद निकली धूप गेहूं की फसल के लिए बूस्टर डोज का काम करेगी।

जनपद में करीब 95 हजार हैक्टेयर गेहूं का रकबा है। वहीं, आलू, मटर, सरसों के अलावा अन्य फसलें क्षेत्रीय स्तर पर आंशिक रूप से प्रभावित हुईं। बारिश से कहीं विशेष नुकसान की सूचना नहीं है। पिछले सप्ताह जिले के कुछ इलाकों में रिझिम बारिश और कई जगह बूंदाबांदी हुई। इस बारिश का फायदा यह हुआ कि किसानों को अभी गेहूं की फसल में सिंचाई नहीं करना होगी। बारिश का पानी गेहूं की फसल के लिए अमृत साबित हुआ। इससे गेहूं की पैदावार बढ़ सकती है।

> बरसात से जनपद में अधिकतर फसलों को कोई नुकसान नहीं है, यदि कहीं पानी का जमाव हुआ होगा तो आलू की फसल प्रभावित हो सकती है। तेज हवा से सरसों व तंबाकू की फसल में झुकाव हो सकता है। गेहूं के लिए बारिश विशेष लाभदायक रही है।
> - डॉ अवधेश मिश्र, जिला कृषि अधिकारी

## खाता सत्यापित नहीं होने पर रुकेगी पेंशन

**कासगंज, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजना दिव्यांग भरण पोषण अनुदान व कुष्ठावस्था पेंशन की धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में तीन किश्तों में भेजी जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि जिन लाभार्थियों के जनपद स्तर से सत्यापित बैंक खाते के स्थान पर अन्य किसी बैंक खाते में धनराशि के भुगतान पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जनपद कासगंज में दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के खाते में ही पेंशन की धनराशि प्रेषित की जा रही है। यदि धनराशि परिवार के किसी अन्य सदस्य के खाते में या अन्य बैंक के खाते में ली जा रही है तो पेंशन धारक अपना बैंक का खाता, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, विकास भवन कमरा नंबर 13 जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें।

# धापड़ गांव के दबंगों ने बांध बनाकर रोकी गंगा की धार



डीएम सुधा वर्मा को शिकायती पत्र देते लहरा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

- गंगाजल में विषैला पदार्थ डालकर मछलियां मारने का आरोप
- लहरा घाट के लोगों ने डीएम को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव लहरा के ग्रामीण बुधवार को कणेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से मिले और उन्हें शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों का आरोप है गंगा की एक धार को दबंगों बांध बनाकर रोक दिया है। गंगा में विषैला पदार्थ डालकर मछलियां मारने का भी आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि लहरा गंगा घाट पर प्रतिदिन यूपी के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों से रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं। लहरा घाट पर गंगा दो भागों में बंट गई है। जिसमें से एक धार पर बदायूं के सहसवान क्षेत्र के धापड़ गांव निवासी कुछ लोगों ने बांध बनाकर गंगा की एक धार रोक दी है। गंगा में जहरीली दवा डाल दी, जिससे मछलियां मर रही हैं। इससे गंगा का जल प्रदूषित हो रहा है। इनमें भूपेश शर्मा, बबलू शर्मा, महेंद्र, सौरभ, देवेश, नन्हें, मनोज, एवरन सिंह, पंकज, इंद्रपाल रहे।

## ईस्माइलपुर रोड पर बुजुर्ग का शव मिला नहीं हुई शिनाख्त

- देर शाम तक पहचान न होने पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया

**कासगंज, अमृत विचार :** शहर के ईस्माइलपुर रोड पर लगभग 55 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा मिला है। पुलिस के प्रयास करने के बावजूद देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बुधवार सुबह लगभग आठ बजे ईस्माइलपुर रोड स्थित गोल्डन गार्डन के पीछे आने जाने वाले लोगों ने एक वृद्ध का शव पड़ा देखा। इसकी चर्चा फैली तो मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किए, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हुई। इसलिए 72 घंटे के बाद पोस्टमार्टम होगा।

# जिले में 14 फरवरी को पहुंच जाएंगे प्रश्न पत्र

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

### यूपी बोर्ड परीक्षा

- 22 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग
- स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों की निगरानी की व्यवस्था बना रहे अफसर

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में है। प्रश्न पत्र रखने को स्ट्रांग रूम बना दिया गया है। जिले में 14 फरवरी को प्रश्न पत्र पहुंच जाएंगे। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए ड्यूटियां लगाई जा रही हैं। सीसी टीवी कैमरे भी रहेंगे। वहीं कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटियों का काम भी अंतिम चरण में है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल व इंटरमीडिए की परीक्षा के दौरान चौक चौबंद इंतजाम रहेंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी पर नजर रखने के लिए दो कक्ष निरीक्षक तैनात होंगे। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 67 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 41 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकल रोकने के लिए मानक में बदलाव किया है। अब एक कक्ष में 40 के स्थान पर 24 परीक्षार्थी ही बैठेंगे। केंद्र व्यवस्थापक अब सभी कक्ष निरीक्षक अपने विद्यालय के तैनात नहीं कर सकेंगे। अन्य स्कूलों के कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाएगा।

जिन केंद्रों पर बालिकाएं परीक्षा देंगी वहां कक्ष निरीक्षक के तौर पर शिक्षिकाओं की तैनाती अनिवार्य रूप से होगी। छात्राओं की तलाशी शिक्षिकाएं ही लेंगी। वहीं, परीक्षा की निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किए जा चुके हैं।

> स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए ड्यूटी लगाई जा रही है। दिन के साथ साथ रात में भी निगरानी की जाएगी। अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगेगी।
> - पीके मौर्य, डीआईओएस

**संकट** जहरीला पौधा पहुंचा रहा है नुकसान, वैज्ञानिक और कृषि विभाग के अधिकारी चिंतित

# मिट्टी की सेहत में जहर घोल रहा पार्थेनियम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कासगंज के एक खेत के किनारे खड़ा पार्थेनियम का पौधा।

**अमृत विचार :** जिले की माटी की कोख बांझ होने के कगार पर पहुंचने से कृषि विभाग के अधिकारी चिंतित थे। अब कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने वातावरण में जहर घोल रहे पौधों के साथ ही मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए नमूने संकलित करने की सलाह दी है। वैज्ञानिकों के अनुसार पार्थेनियम पौधे से मिट्टी की सेहत खराब हो रही है।

कभी सोना उगलने वाली कासगंज की धरती अब पार्थेनियम जैसे जहरीले पौधों को जन्म दे रही है। केमिकल की वजह से माटी की सेहत बेहतर पैदावार देने लायक नहीं बची है। जिले के एक हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल की बंजर भूमि बंजर पड़ी, जिसमें पार्थेनियम, अकाया, धतूरा जैसे जहरीले पौधे खड़े हैं। इसके अलावा सूक्ष्म तत्वों में तेजी के साथ गिरावट आ रही है। यह इस बात का प्रमाण हैं कि यह माटी फसलों की पैदावार नहीं बढ़ा सकती। इसके पीछे कोई और नहीं, बल्कि किसान खुद जिम्मेदार हैं। किसानों ने पैदावार बढ़ाने के लिए कंपोस्ट खाद के बजाए केमिकल का अंधाधुंध प्रयोग शुरू कर दिया है। उसी केमिकल ने धरती को खोखला करते हुए उर्वरा शक्ति खत्म कर दी है। पिछले दिनों दिल्ली से आए वैज्ञानिकों का दल तीन दिन तक कासगंज में डेरा डाले रहा था। इस दौरान उन्होंने मिट्टी के साथ ही कई ऐसे पौधों के नमूने एकत्रित किए, जिनसे वातावरण को खतरा है। वैज्ञानिक तो अपना काम करने के बाद अन्य प्रांतों में चले गए, लेकिन अब कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मिट्टी की सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं।

### फासफोरस घटकर शून्य रह गया

यहां की मिट्टी में यदि सूक्ष्म तत्वों की बात करें तो फासफोरस की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। फासफोरस की न्यूनतम 11 .25 फीसदी होनी चाहिए, जो शून्य रह गई है। इसके अलावा कार्बन न्यूनतम 8 फीसदी होना चाहिए, जो मात्र 3 से 4 फीसदी रह गए है। यह स्थिति चिंतनीय है।

### केमिकल के प्रयोग से करें परहेज

कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि समय-समय पर मृदा के नमूने लिए जाते हैं। ये नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाते हैं। किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि केमिकल के प्रयोग से बचें।

### उर्वरकों के प्रयोग से बचें किसान

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक प्रणवीर सिंह ने बताया कि जिले में पर्यावरण में जहर घुल रहा है, और उर्वरा मिट्टी की शक्ति क्षीण हो रही है। अब किसानों को आधुनिक यंत्रों से पारंपरिक खेती पर ध्यान देकर उर्वरक के प्रयोग से बचना चाहिए।

Shri Ram Murti Smarak Trust
SRMS
The Chairman & Members of the Board of Governors
Welcome
Prof. (Dr.) Jai Prakash Pandey
Hon'ble Vice Chancellor
Dr. APJAK Technical University, Lucknow
Presiding Officer
Er. Mohammad Saif
Partner, Power & Utilities
Ernst & Young, Gurugram
(Alumnus, B.Tech. 1996 Batch)
Guest of Honour
Er. Nipun Kohli
Co-Founder
FinAGG Technologies Private Limited, Noida
(Alumnus, B.Tech. 1999 Batch)
Guest of Honour
on the occasion of
XXIII CONVOCATION
of
B.Tech. | M.Tech. | B.Pharm. | M.Pharm. | MBA | MCA
Shri Ram Murti Smarak College of Engineering & Technology, Bareilly
Shri Ram Murti Smarak College of Engineering, Technology & Research, Bareilly
(Approved by AICTE & Affiliated to Dr. APJAK Technical University, Lucknow)
Thursday, February 8, 2024 | 10.30 AM Onwards
Venue : Shri Ram Murti Centennial Auditorium, SRMSCET Campus, Ram Murti Puram, 13 Km. Bareilly-Nainital Road, Bareilly (U.P.)

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओं
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द






GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा. शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitsak Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# ग्रामीण ने तेज रफ्तार में दौड़ाई बाइक, हादसे में चली गई जान

## बाइक पर कासगंज जा रहे थे रामबाबू, रास्ते में हादसे का शिकार हुए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** एक ग्रामीण को तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाने की कीमत अपनी जान देकर चुकाना पड़ी। सिढ़पुरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार दौड़ रही बाइक अचानक अनियंत्रित होने के बाद फिसलकर रोड पर गिर गई। इसमें बाइक को गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर मौत हो गई।

कासगंज के सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव सल्लू पुर निवासी रामबाबू (55) अपनी बाइक पर गांव से कासगंज जा रहे थे। पुलिस को लोगों ने बताया कि उनकी बाइक रफ्तार काफी तेज थी। इस कारण

▶▶ सड़क पर बाइक फिसलने की वजह से हुआ हादसा

सिढ़पुरा-अमांपुर मार्ग पर प्याऊ के समीप पहुंचने पर अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होने के बाद फिसलकर गिर गई। इससे बाइक सवार रामबाबू गंभीर रूप से घायल हो गये। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस में सिढ़पुरा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इसके साथ ही उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए थे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए रामबाबू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में रामबाबू ने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि हादसा हुआ है।

### हेलमेट होता तो बच सकती थी जान

पुलिस आए दिन जागरुकता अभियान चलाती है। बावजूद इसके तमाम लोग बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते हैं। पुलिस के अनुसार रामबाबू भी बगैर हेलमेट के बाइक दौड़ा रहे थे। इससे बाइक गिरने पर उनके सिर में गंभीर चोट आ गई, जिससे उनकी जान चली गई।

# कार्मिकों का डाटा ऑनलाइन कराएं विभागाध्यक्ष

**कासगंज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अपने कार्मिकों का विवरण पोर्टल पर फीड कराने का कार्य किया जा रहा है। कुछ अधिकारियों ने जो कार्मिक प्रारूप-1 में दिखाए हैं उन कर्मचारियों का डाटा प्रारूप-2 पर ऑनलाइन फीड नहीं किया है।

प्रभारी निर्वाचन कार्मिक एवं सीडीओ सचिन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि जितने कर्मचारियों का डाटा प्रारूप-1 पर अंकित है, उन सभी कर्मचारियों का डाटा प्रारूप-2 पर ऑनलाइन फीड किया जाएगा। सभी कार्यालय अध्यक्ष अनिवार्य रूप से अपने शत प्रतिशित कार्मिकों का डाटा ऑनलाइन फीड कराते हुए उसे फ्रीज कराना सुनिश्चित करें।

# दबे कुचले और शोषितों की आवाज उठा रहा अपना दल एस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अपना दल एस की बैठक बुधवार को ततारपुर आवासीय कॉलोनी में हुई। बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया गया। संगठन और लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी ने कहा कि अपना दल एस लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अपना दल एस जिलाध्यक्ष शमीम अहमद अल्वी।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह अपना दल एस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने का काम किया है। जिस विचारधारा को लेकर पार्टी

▶▶ जिला स्तरीय बैठक में संगठन और चुनाव पर हुई चर्चा

संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल ने नींव रखी थी वो आज इमारत बन गई है। पार्टी प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बन गई है। पार्टी ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। सत्ता में रहकर भी दबे, कुचलो, शोषितों, वंचितों की आवाज उठाने से लेकर समाधान करने तक पार्टी निरंतर काम कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## परीक्षा फल देखकर खिले बच्चों के चेहरे

**कासगंज।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ से संबद्ध वीके जैन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीकॉम पहले वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में जिले में टॉप किया है। परीक्षा में खुशी अग्रवाल 87 प्रतिशित, कुमारी श्रुति गोयल 87, आयुषी गुप्ता 83, तनीषा सारड़ा 81, काम्या अग्रवाल 81, हिमांशु अग्रवाल 80, संभव माहेश्वरी को 76 फीसदी अंक मिले।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** अमांपुर थाना पुलिस ने मारपीट और दुष्कर्म के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर यतींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी विमलेंद्र प्रताप निवासी गांव थरा चीतरा थाना अमांपुर है, जिसे पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अमांपुर पुलिस ने वारंटी दबोचा

**कासगंज।** न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी को थाना अमांपुर पुलिस के इंस्पेक्टर यतींद्र प्रताप सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने ने बताया कि आरोपी टीटू निवासी नगला खारी थाना अमांपुर को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपी को विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई है।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

# सामूहिक विवाह 25 फरवरी को

**कासगंज, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 25 फरवरी को कराया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए पात्र जोड़े ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिले 966 जोड़ो का विवाह संपन्न कराने का लक्ष्य निर्धारित है। जनवरी तक 503 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है।

अलीगढ़ मंडल के आयुक्त की समीक्षा बैठक के दौरान कासगंज को डी श्रेणी पाया गया। इस पर आयुक्त ने लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। 25 फरवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराने के लिए अवशेष लक्ष्य के सापेक्ष विकास खंडों के लिए लक्ष्य 328 एवं नगर निकायों के लिए लक्ष्य 135 463 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अंतर्गत विकास खंड कासगंज, सोरों, पटियाली, गंजडुंडवारा में प्रत्येक को 125 तथा सिढ़पुरा, सहावर व अमांपुर में प्रत्येक को 100 जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित है।

इसी प्रकार नगरीय निकाय कासगंज, सोरों, बिलराम, मोहनपुर, पटियाली, सिढ़पुरा में प्रत्येक को 20, गंजडुंडवारा को 16, भरगैन, सहावर व अमांपुर में प्रत्येक को 10 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित है। डीएम सुधा वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अवशेष लक्ष्य के अनुसार पात्र जोड़ों का ऑनलाइन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।




# फर्रुखाबाद में हुए हादसे में एटा के तीन युवकों की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** एटा के रहने वाले तीन युवकों की फर्रुखाबाद में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। तीनों युवक एक बाइक पर सवार थे। पुलिस के मुताबिक हादसा आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करते समय हुआ। इस हादसे की सूचना घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

- एक बाइक पर सवार थे तीनों ओवरटेक के चक्कर में हुआ हादसा

एटा जिले के थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम नगला हिम्मत मोर्चा निवासी अभिषेक पाल (19), थाना जसरथपुर इलाके के गांव भदैया निवासी अजीत पाल (20) व पवन पाल (21) बुधवार सुबह किसी काम से फर्रुखाबाद गए थे। तीनों एक बाइक पर सवार थे। पुलिस के मुताबिक फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर थाना क्षेत्र में जाते समय उन्होंने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। तभी सामने से आए दूसरे वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से तीनों की मौत हो गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना फर्रुखाबाद पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर जा पहुंची। जेब में मिले कागजों से तीनों की शिनाख्त हुई।




## बीएलओ से रिश्वत लेता तहसील का बाबू गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार:** विजिलेंस टीम ने बुधवार को सदर तहसील के एक बाबू को बीएलओ से ड्यूटी काटने के लिए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। बाबू ने बीएलओ से 10 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर मांगे थे। सदर तहसील में तैनात बाबू गिरजेश नागर (नलकूप विभाग) के पास बीएलओ की ड्यूटी लगाने की जिम्मेदारी है। एक शिक्षक ने ड्यूटी काटने की बात कही। बाबू ने शिक्षक से 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिक्षक ने विजिलेंस में शिकायत की। बुधवार को टीम के कहने पर शिक्षक रिश्वत के 10 हजार रुपये लेकर सदर तहसील में बाबू से मिलने पहुंचा। विजिलेंस टीम ने बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले विजिलेंस ने नगर निगम की टैक्स इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते नगर निगम परिसर से ही गिरफ्तार किया था। महिला टैक्स इंस्पेक्टर की शिकायत कमलानगर के एक व्यापारी ने की थी। आरोप था कि टैक्स इंस्पेक्टर हाउस टैक्स में कम करने के नाम पर दो लाख रुपये रिश्वत के रूप में मांग रही थी। राज्य जीएसटी कार्यालय से एक प्राइवेट व्यक्ति को भी अरेस्ट किया गया था।

# सोरों में मिली लाश झारखंड की महिला की निकली



घटना स्थल पर छानबीन करते पुलिस अधिकारी (फाइल फोटो)।

संवाददाता, सोरोंजी

- विवाद के चलते सीआरपीएफ के जवान व उसकी पत्नी पर हत्या का शक गहराया
- पुलिस आज कर सकती है घटना का खुलासा

**अमृत विचार :** दो दिन पहले सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव होडलपुर-गंगागढ़ के मध्य जंगल में मिली लाश झारखंड में रहने वाली महिला की निकली। विवाद के चलते सीआरपीएफ के एक जवान व उसकी पत्नी पर महिला की हत्या का शक गहरा गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने हत्यारोपियों का पता लगा लिया। पुलिस गुरुवार को घटना का खुलासा कर सकती है।

सोमवार को सोरों थाना क्षेत्र के होडलपुर के ग्रामीणों ने जंगलों में एक महिला का लहूलुहान शव पड़ा देखा था। महिला के सिर पर प्रहार करके हत्या की गई थी। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था। उसी दिन से पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को पता चला है कि मरने वाली महिला झारखंड की थी। उसका नाम राखी बताया जाता है। पिछले तीन सालों से उसका सीआरपीएफ के एक जवान से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोरों का रहने वाला सीआरपीएफ का जवान शादीशुदा है, जिसके बच्चे भी है। सीआरपीएफ का जवान अपने घर आया हुआ है।

इसका पता लगने पर राखी भी सोरों पहुंच गई। यहां उसका सीआरपीएफ के जवान से विवाद हुआ। सूत्रों का कहना है कि इसी विवाद के दौरान महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस को छानबीन के दौरान खास सबूत हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

# गुलाब देकर किया प्यार का इजहार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** वेलेंटाइन वीक के तहत बुधवार को रोज डे मनाया गया। इसको लेकर कुछ युवाओं और प्रेमी युगलों में उत्साह देखा गया। कुछ युवाओं ने खुलकर दोस्ती बढ़ाने की पहल की, वहीं प्रेमी युगलों ने चोरी छिपे गुलाब भेंट किए। वहीं हिंदूवादी संगठनों के नेता व कार्यकर्ता इसके विरोध में हैं।

जिले के युवा वेलेंटाइन वीक पूरे उत्साह के साथ मनाने का मन बना चुके है। आधुनिकता की दौड़ में वेलेंटाइन डे विभिन्न तरह से मनाने का प्रचलन है। बुधवार को स्कूल- कॉलेज खुले होने से मित्रता मजबूत करने के लिए रोज डे की औपचारिकताएं पूरी की गई। फूल विक्रेताओं के यहां भी खासी बिक्री हुई। फूल विक्रेता दिनेश सैनी के अनुसार शाम चार बजे तक उन्होंने ढाई सौ से अधिक फूल बेचे। गिफ्ट की दुकानों से भी आकर्षक लुक के फूल बिके।



शहर में सजी फूलों की दुकान। ● अमृत विचार

### गिफ्ट आइटमों की दुकानें सजीं

बाजार में दुकानदारों ने वेलेंटाइन डे को लेकर अपनी तैयारी कर ली है। बाजार में टेडीवियर, लव पेयर, फोटो फ्रेम, साफ्ट ट्वायज बधाई कार्ड उपलब्ध हैं। गिफ्ट आइटम में चाकलेट की भी डिमांड होती है। गिफ्ट आइटम विक्रेता विनय अग्रवाल ने बताया पांच सौ रुपये से दो हजार रुपये तक के गिफ्ट आइटम उपलब्ध हैं।

### इस तरह मनाया जाता है वेलेंटाइन वीक

वेलेंटाइन वीक के तहत पहले दिन रोज डे मनाया जाता है। इसके बाद चाकलेट-डे, टैंडी-डे, प्रॉमिश-डे, हग-डे, किस-डे और फिर वेलेंटाइन डे मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के लिए पति-पत्नी भी एक-दूसरे के लिए तोहफे ढूंढ रहे हैं।

### दोस्त को पीला, प्रेमिका को लाल गुलाब दिया

वेलेंटाइन वीक के पहले दिन दोस्ती की शुरूआत करने के लिए पीला गुलाब देकर अपना भाव प्रकट किया। प्यार के इजहार को लाल गुलाब का फूल युवाओं ने दिया।




# नाममात्र का जीएसटी जमा कर रहे अधिकांश व्यापारी

कार्यालय, संवाददाता, कासगंज



बैठक के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ सीए।

- जीएसटी अधिकारियों ने सीए के साथ बैठक कर की चर्चा

**अमृत विचार :** जीएसटी कार्यालय में बुधवार को अधिकारियों ने सीए एसोसिएशन सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें रिटर्न दाखिल करने को लेकर चर्चा की गई। जीरो एवं नाममात्र के टैक्स पेमेंट वाली रिटर्न फाइल किए जाने पर अधिकारियों ने चिंता जताई। इसकी रोकथाम के लिए चार्टेड एकाउंटेंट (सीए) से सुझाव आमंत्रित किए। जीएसटी की व्यवहारिक जटिलताओं पर भी चर्चा की गई।

बैठक में डिप्टी कमिश्नर चंद्रशेखर ने कहा कि रेगुलर ट्रैक्स पंजीकृत व्यापारियों में तमाम व्यापारी ऐसे हैं जिन्होंने जीरो या फिर नाममात्र के टैक्स पेमेंट रिटर्न फाइल किए हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे विभाग का राजस्व घट रहा है। उन्होंने कहा कि सीए को भी इस पर चिंतन करना चाहिए। इसकी रोकथाम हो सके इस पर अपने सुझाव देने चाहिए। असिस्टेंट कमिश्नर इंतियाज सिद्दकी ने कहा कि सभी सीए जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने में सहयोग करें। सीए ने जीएसटी कानून के व्यवहारिक क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को दूर करने की बात कही।

बैठक में असिस्टेंट कमिश्नर प्रद्युम्न गुप्ता, सचल दल असिस्टेंट कमिश्नर सत्यप्रकाश उमराव, सीटीओ कृष्णकांत चौहान एवं सीए विवेक तायल, मुकेश वार्ष्णेय, ललित माहेश्वरी, गौरव पांडेय, अर्पित गोयल, गोविंद बाबू वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, प्रेरित वार्ष्णेय मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मनगर निवासी अजय ने थाना निधौली कलां ने राकेश यादव निवासी संजय नगर समेत 12 लोगों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय के मुताबिक15 जनवरी को राकेश यादव समेत 12 लोग उनके घर में घुस आए और मारपीट की। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सकरौली इलाके से दो भैंस चोरी

**एटा, अमृत विचार :** थाना सकरौली क्षेत्र में जुगेंद्र प्रताप निवासी लालपुर ने बताया कि चार फरवरी को उसकी दो भैंस चोरी हो गई थीं। वहीं, थाना मिरहची क्षेत्र में उपनिरीक्षक रविशंकर ने दादाजी होटल के पास से टाटा 407 पिकअप से छह भैंस बरामद की। पुलिस को देखकर चोर फरार हो गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या X7713201 जिसकी वैधता 12.06.2033 है, उसमें मेरा नाम भूलवश मोनिश दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम मो. मोनिश है। **मो. मोनिश पुत्र श्री हसमुद्दीन निवासी ग्राम अंडरायन थाना जहानाबाद तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मौलाना तौकीर रजा समेत 30 लोगों को नोटिस, अज्ञात में एफआईआर

## भड़काऊ पोस्टर बांटने पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमसी के नाम से शहर की मस्जिदों में बांटे जा रहे पर्चों को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत पार्टी के 30 लोगों को सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस दिया है। जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, यदि वह नौ जनवरी को खुराफात करेंगे तो उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं कोतवाली पुलिस ने भड़काऊ पोस्टर बांटने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बुधवार शाम को पैदल गश्त भी की।

वाराणसी में ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में मूर्तियों की कोर्ट के आदेश पर पूजा शुरू होने के मामले में रविवार को तौकीर रजा खां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। जिसमें शुक्रवार को गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया था। इसके बाद शहर में कुछ स्थानों पर आईएमसी की तरफ से पर्चे बांटे जा रहे हैं। पुलिस ने माहौल खराब करने वाले मौलाना तौकीर रजा समेत 30 पदाधिकारियों को नोटिस दिया है। शुक्रवार सुबह ही पुलिस फोर्स तैनात कर दी जाएगी।

**›› मुस्लिम कारोबारी बोले कानून के दायरे में रहकर रखी जाएगी अपनी बात**

पुलिस अधिकारी समेत खुफिया विभाग भी अलर्ट हो गया है। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बुधवार को सीओ प्रथम संदीप सिंह और कोतवाली प्रभारी डीके शर्मा समेत भारी पुलिस फोर्स के साथ बिहारीपुर, मलूकपुर, आला हजरत, खलील तिराहा, अयूब खां समेत मिश्रित आबादी, मुख्य बाजार व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की।

### मस्जिदों से बांटे गए पर्चे, प्रशासन की आपत्ति पर आईएमसी ने अपना हाथ होने से किया इन्कार

आईएमसी के नाम से शहर की कई मस्जिदों में पर्चे बांटे गए हैं जिनमें मुसलमानों से भारी संख्या में शुक्रवार को इस्लामिया ग्राउंड पर पहुंचने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से बगैर कार्यक्रम की अनुमति लिए पर्चे बंटवाए जाने पर आपत्ति किए जाने के बाद आईएमसी ने पर्चे बंटवाने से इन्कार कर दिया है। पार्टी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि पार्टी ने आधिकारिक तौर पर ऐसा कोई पर्चा नहीं छपवाया है। हालांकि उन्होंने इन पर्चों के बारे में पता किया है। उनमें कोई गलत बात नहीं लिखी है और वह उसका समर्थन भी करते हैं।

### खानदान के दूसरे सदस्यों ने भी किया तौकीर का समर्थन

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा के जेल भरो आंदोलन के एलान का आला हजरत खानदान के दूसरे सदस्यों ने भी समर्थन करना शुरू कर दिया है। खानदान के मौलाना कैफ और सिराज मियां उन्हें समर्थन देने का एलान किया है। दरगाह उस्ताद-ए-जमन ट्रस्ट के मौलाना कैफ रजा ने कहा कि मुसलमानों को तौकीर मियां के जेल भरो आंदोलन में शामिल होकर अपनी बेदारी का सुबूत पेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमान संविधान की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस्लामिया ग्राउंड पहुंचें। अन्याय का विरोध करना प्रत्येक भारतीय का मौलिक अधिकार है और इसकी इजाजत हमारा संविधान हमें देता है। उन्होंने कहा कि आज मस्जिदें और मजार महफूज नहीं रह गई है। उलमा की बेवजह गिरफ्तारियां की जा रही हैं जिससे देश का माहौल खराब हो रहा है। पुलिस-प्रशासन और न्याय व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि किसी के अधिकारों का हनन न हो लेकिन हालात इसके उलट हैं।

## हादसे में महिला की मौत, बेटा-बहू समेत तीन घायल

**रामपुर।** जनपद बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव तिगरा से बहू के मायके वाले भी मुरादाबाद पहुंच गए हैं। जिला मुरादाबाद के बंसत विहार क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी मीना अरोड़ा (52) ने अपने बेटे राहुल की शादी जिला बरेली में गांव तिगरा निवासी हरविन्दर की बेटी खुशी (22) से 28 जनवरी को की थी। मंगलवार सुबह मीना अरोड़ा अपने बेटे राहुल, बहू खुशी, बेटे के दोस्त सचिन और आठ साल के धेवते को लेकर बहू के मायके गई थीं। बुधवार रात 13 बजे वहां से लौटते समय नेशनल हाईवे पर एक होटल के सामने आगे चल रहे अज्ञात वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे कार वाहन में घुस गई। जिससे मीना की मौत हो गई। जबकि कार सवार अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने मीना को मृत घोषित कर दिया। मृतका के धेवते को मामूली चोट आई है। खुशी और उसके पति राहुल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## दुष्कर्म के केस में फंसाने के बहाने 4.5 लाख वसूले

**बरेली।** नेकपुर गल्ला मंडी निवासी चक्रपाल सिंह ने बताया कि वह 12 जुलाई 2023 की सुबह 5.30 बजे वह घर की सफाई कर रहे थे। घर में अचानक महीनाथ के रहने वाले तथाकथित पत्रकार सत्यप्रकाश शर्मा उर्फ सत्यम एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति के साथ घुस आए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इस दौरान महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। सत्यप्रकाश वीडियो कैमरा निकाल कर महिला की वीडियो रिकार्डिंग करने लगा। इसके बाद तीनों ने धमकाते हुए जेल भिजवाने की धमकी दी और थाने चलने की बात कहने लगे। जब चक्रपाल थाने चलने को तैयार हो गए तो सत्य प्रकाश और महिला ने पांच लाख रुपये में मामला खत्म करने की बात कही।

सत्य प्रकाश ने धमकाया कि उसके पिता शाहजहांपुर के थाना कलान में दरोगा हैं और रुपये नहीं दिए तो वह झूठे मुकदमे में फंसा देगा। तीनों ने उनके कमरे की तलाशी ली और बिस्तर के नीचे रखे साढ़े चार लाख रुपये लेकर फरार हो गए। आरोप है कि दो दिन बाद सत्य प्रकाश ने वीडियो वायरल की धमकी देकर और 50 हजार रुपये मांगे। परेशान होकर जब चक्रपाल ने पूछा कि उनके घर का पता और नंबर किसने दिया तो सत्य प्रकाश ने बताया कि रुहेलखंड डिपो में तैनात ड्राइवर विजय प्रकाश शर्मा ने दी है। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक कासगंज**

मु.सं. 51 सन् 1979 धारा 229B/176 जमींदारी विनाश अधिनियम मौजा जखेरा महेशपुर बनवारी लाल बनाम बुधा सिंह आदि

13. श्यामा सिंह पुत्र मूलाराम नि. जनकपुरी महोली रोड, मथुरा 14. नरेश बाबू 15. कैलाश चन्द्र 16. भूपेन्द्र सिंह पुत्रगण नाथूराम निवासीगण मिरोना पर, तह. व जिला कासगंज 17. श्रीमती सुमित्री देवी पत्नी रिषीपाल सिंह नि. भीकमपुर तहसील व जिला अलीगढ़ 18. लीलावती पत्नी तेज सिंह नि. ग्राम महेशपुर मौजा जखेरा महेशपुर पर., तह. व जिला कासंगज

हरगाह मुद्दई ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत 229ठ੪176 जा.वि.विद्युति अदालत हाजा में गुजरानी है लिहाजा आपको सूचित किया जाता है कि आप तारीख 13 माह 02 सन् 2024 ई. को वक्त 10 बजे दिन के अदालत हाजा में हाजिर होकर असालतन या वकालत अपना उजर पेश करो, वरना आपकी गैर हाजरी से मुकदमा की समाअत एक तरफा आपको खिलाफ की जावेगी। आज व तारीख 02 माह 02 सन् 2024 ई. को मेरे दस्तखत व अदालत मोहर से जारी किया गया।

**जज**

**आमतौर पर**
**न्यायालय अपर सिविल जज प्रथम (सी.डि.) बरेली इजराय वाद सं. 02/2023**

राधेश्याम चन्द्रा व्यस्क पुत्र स्व. मूलचन्द्र निवासी मोहल्ला जाटवपुरा बरेली हाल निवासी ए-108, राजेन्द्र नगर, बरेली बनाम श्री विजय आदि बनाम 1. विजय व्यस्क पुत्र स्व. गंगाराम नित्र. म.नं. 114-बी वर्तमान 113 मोहल्ला जाटवपुरा, बरेली 2. श्रीमती शारदा देवी पत्नी स्व. गंगाराम निवासी ग्राम रेवती तह. आंवला, बरेली 3. छत्रपाल व्यस्क 4. लालाराम व्यस्क 5. सूरजपाल व्यस्क 6. लल्लू व्यस्क 7. अशोक व्यस्क 8. पप्पू व्यस्क 9. श्रीमती आशा व्यस्क पत्नी स्व. गंगासिंह निवासी ग्राम उसैता तह. आंवला, बरेली समस्त पुत्रगण स्व. राजपाल निवासीगण ग्राम रेवती आंवला जिला बरेली 10. श्रीमती राजेश्वरी पत्नी स्व. लक्ष्मी राय निवासी ग्राम मिर्जापुर तह. चंदौसी, सम्भल 11. श्रीमती कान्ती देवी पत्नी विद्याराम पुत्री स्व. गंगाराम निवासी ग्राम परसिया तहसील बिसौली जिला बदायूँ। चूंकि डिग्रीदार ने आपके नाम एक नालिश वास्ते निस्तरण के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 10.2.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**अपर सिविल जज प्रथम (सी.डि.) बरेली**

# लुईस खुर्शीद समेत दो लोगों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता, बरेली

**›› दिव्यांग उपकरण वितरण को मिले 71 लाख गबन का मामला**

**अमृत विचार:** दिव्यांग उपकरण वितरण को मिले 71 लाख रुपये गबन मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए कोर्ट शाम्भवी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद और सचिव अतहर फारुखी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया। सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत की है।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा अनुसंधान संगठन के इंस्पेक्टर रामशंकर यादव ने 29 मई 2017 को थाना भोजीपुरा में धोखाधड़ी, गबन की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने ट्रस्ट को प्रदेश के जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण आदि वितरित किये जाने के लिए 71.50 लाख का अनुदान दिया था। ट्रस्ट ने बरेली, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, मैनपुरी, कासगंज, मेरठ समेत 17 जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण वितरित करने की आख्या मंत्रालय को प्रेषित की थी। जांच में पता चला कि कैंप सिर्फ कागजों में ही लगाये गये। भोजीपुरा क्षेत्र में 21 दिव्यांगों को तीन लाख रुपये के उपकरण वितरित करना दिखाया जो जांच में झूठा पाया गया। खंड विकास अधिकारी व जिला विकलांग अधिकारी के हस्ताक्षर भी फर्जी निकले। लुईस खुर्शीद व अतहर फारुखी के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी का आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। कोर्ट द्वारा लंबे समय से समन, जमानती वारंट जारी किये जा रहे थे मगर आरोपी हाजिर नहीं हो रहे थे।

# सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर समेत 3 के विरुद्ध कुर्की की उद्घोषणा

मुरादाबाद कार्यालय

**›› अब 28 को होगी मामले की सुनवाई, एसीजेएम प्रथम न्यायालय ने अपनाया सख्त रुख**

**›› रुपये लेने के बाद भी दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में न आने और पैसा नहीं लौटाने का आरोप**

**अमृत विचार:** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम-प्रथम) ने फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर मालविका पंजाबी, धोमिल ठक्कर और एड गर्ल शकारिया के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में न्यायालय ने बुधवार को उद्घोषणा जारी कर दी है। इन सभी पर सोनाक्षी सिन्हा के नाम पर लाखों रुपये लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप है। इस मामले में हाईकोर्ट ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को एसीजेएम-प्रथम के यहां 28 फरवरी तक रोक लगा रखी है। इसमें सोनाक्षी को स्टे ऑर्डर मिला हुआ है।

पूर्व में कटघर के शिवपुरी कालोनी निवासी प्रमोद शर्मा ने कटघर थाने में सोनाक्षी सिन्हा और उनके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में मामला दर्ज कराया था। यह एफआईआर 22 फरवरी 2019 को हुई थी। प्रमोद शर्मा इवेंट मैनेजर हैं। बताया जा रहा है कि इवेंट मैनेजर ने सोनाक्षी सिन्हा से एक कार्यक्रम के लिए समय मांगा था। यह कार्यक्रम दिल्ली में 30 सितंबर 2018 होना था। लेकिन, आरोप है कि 36 लाख रुपये लेने के बाद कार्यक्रम के निर्धारित समय पर अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा व उनके सलाहकार ने कार्यक्रम में आने से मना कर दिया था। जबकि, इन लोगों ने फीस के रुपये भी प्रमोद शर्मा से ले लिए थी। इसी मामले में प्रमोद शर्मा ने कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा समेत पांच को आरोपी बनाया था।

इनके खिलाफ धोखाधड़ी और गबन के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मुकदमे में वादी पक्ष के वकील पीके गोस्वामी के मुताबिक, इस मामले में आरोपी अभिषेक सिन्हा के पहले ही गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं। एसीजेएम प्रथम सचिन दीक्षित की कोर्ट ने तीन आरोपियों के विरुद्ध कुर्की के आदेश होने के क्रम में कार्रवाई शुरू कर दी है। अब इस प्रकरण में अगली सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय हुई है।

# बेटे की प्रताड़ना से बुजुर्ग ने छोड़ा घर

**›› बेटे-बहू ने पड़ोसी के साथ मिलकर बुजुर्ग पिता को कई बार पीटा, अपने नाम कराना चाहते हैं मकान**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बूढ़े पिता को पड़ोसी के साथ मिलकर बेटे-बहू ने कई बार पीटा। तीन फरवरी को पिता के सिर पर फावड़े से वार कर जान से मारने की कोशिश की। वह सिविल लाइंस थाने गए तो मेडिकल परीक्षण कराया गया लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

बुजुर्ग चुन्नू सिंह ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई। बताया कि बेटे-बहू व पड़ोसी के उत्पीड़न से त्रस्त होकर वह चचेरे भाई के यहां रह रहे हैं। फुटपाथ पर रोटी खाकर पेट भरते हैं। बताया कि शनिवार को जब बेटे-बहू और पड़ोसी ने पीटा तो वह फकीरपुरा पुलिस चौकी गए थे लेकिन सुनवाई नहीं हुई। चुन्नू सिंह ने बताया कि बुढ़ापे के कारण अब वह बीमार रहते हैं। 13 साल पहले पत्नी हमेंद्रा देवी की मृत्यु हो गई थी। परिवार में चार बेटियां व एक बेटा है। सभी की शादी हो गई है। गरीबी के कारण वह घर-मकान नहीं बना पाए लेकिन फिर भी रहने को एक कमरा बना है। इसमें उनका इकलौता बेटा व बहू रहते हैं। बेटे का करीब पांच साल पहले लखीमपुर खीरी जिले के शाहबगंज के एक परिवार में विवाह किया था। विवाह के छह-सात महीने तक उनके बेटे-बहू ने सेवा भी की लेकिन फिर धीरे-धीरे उन्हें प्रताड़ित करने लगे। घर से निकल जाने को कहने लगे। मकान को अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए पीटते हैं। बेटे-बहू ने पड़ोसी के साथ मिलकर 24 सितंबर 2023 की शाम सात बजे बहुत पीटा था। उनकी बहू उन्हें खाना भी नहीं देती है और बात-बात पर धमकाती है।

बुधवार को एसएसपी के अवकाश पर होने से प्रार्थना पत्रों पर एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। 70 वर्षीय चुन्नू सिंह ने बताया कि वह सिक्योरिटी गार्ड हैं। छह साल से रेलवे यार्ड में नौकरी कर रहे हैं। अब शरीर बूढ़ा हो गया है। कमजोरी अधिक है तो भी महीने में 15-16 दिन ही ड्यूटी कर पाता है। महीने भर में करीब 5-6 हजार रुपये मिल जाते हैं। बुजुर्ग ने बताया कि उनका बेटा ई-रिक्शा चलाता है। वह भी दूसरे का है। उसके परिवार में दो बेटियां हैं।

# बरेली कॉलेज में शिक्षक ने छात्र के सिर में मारा पेपर तो हुआ हंगामा

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नपत्र बांटने को लेकर कक्ष निरीक्षक ने एक परीक्षार्थी के सिर में प्रश्नपत्र मार दिया। इस पर वहां मौजूद छात्र नेता और छात्रों ने हंगामा कर दिया। आसपास के कक्ष से भी छात्र इकट्ठे हो गए। सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाकर मामला शांत किया। एलआईयू भी बरेली कॉलेज पहुंच गई। वहीं कुछ शिक्षकों का कहना है कि छात्रनेता ने नकल करने से रोकने पर हंगामा किया। एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई। एक कक्ष में शाहजहांपुर के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल भी परीक्षा दे रहे थे। उन्होंने कक्ष निरीक्षक से जल्दी प्रश्नपत्र देने को कहा तो इससे निरीक्षक ने नाराज होकर प्रश्नपत्र सिर पर मार दिया। इससे चश्मा टूटकर गिर गया। इससे वहां सपा के छात्र नेता और अन्य परीक्षार्थियों ने विरोध किया और हंगामा शुरू हो गया। चीफ प्राक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि प्रश्नपत्र बांटने के दौरान कक्ष निरीक्षक से कहासुनी हो गई थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया और प्रश्नपत्र बंटवाया। एलआईयू भी सूचना पर पहुंच गई। किसी ने सूचना दे दी थी कि परीक्षा छूटने के दौरान विवाद हो सकता है।

**श्रीमान न्यायालय परगनाधिकारी महोदय पीलीभीत**
**मु.नं. T202212560101464 सन् 2019**

1. गोपी कृष्ण 2. गया प्रसाद पुत्रगण राम प्रसाद निवासी ग्राम शाही परगना जहानाबाद तहसील व जिला पीलीभीत मो.8476069380 बनाम 1. देवदत्त पुत्र रामचरन 2. महीपाल पुत्र रामचरन 3. मदनलाल पुत्र इन्द्रजीत 4. प्रेमपाल पुत्र इन्द्रजीत 5. नकी रजा खां पुत्र नवी रजा खां 6. मुस्तफा खां पुत्र नवी रजा खां 7. श्रीमती शम्मो बेगम पत्नी स्व. नवी रजा खां 8. शफी उद्दीन उर्फ चांद मियां पुत्र अहसुद्दीन 9. अब्दुल रहीद पुत्र अब्दुल वशीर 10. नरगिस जहां पत्नी शफी उद्दीन 11. पंचम लाल पुत्र हेमराज 12. उमा चरन पुत्र हेमराज 13. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम शाही परगना जहानाबाद जिला पीलीभीत धारा-24 उ.प्र. राजस्व संहिता ग्राम शाही पर. जहानाबाद तहसील सदर जिला पीलीभीत वाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिश दफा दायर की है अत: आप दिनांक 12 माह 02 सन् 24 वबक्त बजे दिन असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नींज दस्तावेज जिनकी शहादत पर आपव ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी सआप आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा। दिनांक 05 माह 02 सन् 24 मेरे दस्तखात् व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी, पीलीभीत**

# फर्जी लेफ्टिनेंट से एटीएस एसटीएफ ने की पूछताछ

**बरेली, अमृत विचार :** एयरफोर्स स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार किए गए वायुसेना के फर्जी फ्लाईट लेफ्टिनेंट इन्दर कुमार माली से एटीएस, एसटीएफ समेत अन्य जांच टीमों ने बुधवार को भी पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। इज्जतनगर थाने की पुलिस आरोपी का इतिहास खंगालने गुरुवार को उत्तराखंड जाएगी। इज्जतनगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि पूछताछ में इन्दर कुमार ने बताया कि वह खुद को वायुसेना में फ्लाईट लेफ्टिनेंट बताकर लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करता था। तीन साल पहले वह हल्द्वानी चला गया। उसने अपनी पत्नी से भी झूठ बोला कि वह एयरफोर्स में पायलट अफसर है और आस-पास के लोगों में यही प्रचार करने लगा। आरोपी सिर्फ ठगी का काम करता था या जासूसी के लिए यह सब किया, इसकी जांच-पड़ताल करने के लिए इज्जतनगर पुलिस गुरुवार को उत्तराखंड जाएगी। जासूसी के एंगल पर जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देगी।

## मोबाइल लूटने के बाद हत्या की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** गैंगस्टर ने युवक का मोबाइल लूटकर उसकी होने वाली पत्नी को फोन कर हत्या की झूठी सूचना दे दी। इससे परेशान होकर युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मोबाइल लूटने और झूठी सूचना देने वाले गैंगस्टर आकाश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। झूठी सूचना पर युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। आकाश को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल को गोली मारने के मामले में भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस के अनुसार थाना कटरा चांद खां निवासी सरिता ने 18 दिसंबर 2023 को आकाश ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## अश्लील हरकतें करने वाले आरपीएफ इंस्पेक्टर पर रिपोर्ट

**बरेली।** इज्जतनगर थाना में महिला आयोग के आदेश पर यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर पोस्ट में तैनात रहे आरपीएफ इंस्पेक्टर के खिलाफ महिला सिपाही से अश्लील हरकतें करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तीन महीने आरोप लगने पर इंस्पेक्टर को आरपीएफ कंट्रोल रूम में संबद्ध कर दिया गया था। गुरुवार तक निलंबन की कार्रवाई हो सकती। पूरे मामले की जांच विशाखा गाइडलाइन के अनुसार पांच सदस्यीय टीम ने की थी। बाद में मेजर चार्जशीट भी इंस्पेक्टर के खिलाफ जारी की गई थी। अब इंस्पेक्टर को गोरखपुर मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है। महिला सिपाही ने आरोप लगाया था कि उसके ससुर ने साल 2022 में पारिवारिक परिवाद दर्ज कराया था। जिसकी जांच आरपीएफ निरीक्षक गजेंद्र सिंह मीणा को दी गई, लेकिन जांच के नाम पर इंस्पेक्टर उन्हें अपने चेंबर में बुलाकर अश्लील हरकतें करते और विरोध करने पर गाली-गलौज करते।

**कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, जिला-पीलीभीत**

पत्रांक : मेमो/न.पं.गु.भि./2023-24 दिनांक : 6.02.2024

**नोटिस**
**(अन्तर्गत धारा-143, नगर पालिका अधिनियम, 1916)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित विवरण के अनुसार कालम सं.-4 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा के द्वारा हस्तान्तरण के आधार पर कॉलम-5 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृहकर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया है। यदि कॉलम सं. 5 में अंकित व्यक्ति के नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन के प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर सकता है।

| क्रम संख्या | सम्पत्ति का विवरण | हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उक्त सम्पत्ति को गृहकर हेतु दर्ज किये जाने है। | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | एक दुकान/मकान गाटा सं. 84 मि. का 65.52 वर्ग मी. पर निर्मित | नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड नं. 2 तह. अमरिया जिला पीलीभीत | श्री कर्मजीत सिंह पुत्र श्री रंधीर सिंह नि. ग्राम क्लोलरा परगना जहानाबाद जिला पीलीभीत | श्री धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश नि. ग्राम भिण्डारा पीलीभीत हाल निवासी भिण्डारा रोड वार्ड2 गुलड़िया भिण्डारा पीलीभीत | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2. | 2 दुकानें व मकान गाटा सं.-134 रकबा 0.0162 हे. पर निर्मित का ½ भाग | नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा वार्ड नं 2 तह. अमरिया जिला पीलीभीत | श्री कैलाश नाथ गुप्ता पुत्र श्री तुलसीराम नि. गुलड़िया भिंडारा मझोला, पीलीभीत | श्री महेशचन्द्र गुप्ता श्री कैलाश नाथ गुप्ता निवासी वार्ड-07 गुलड़िया भिंडारा जिला पीलीभीत | वसीयतनामा के आधार पर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गुलड़िया, भिण्डारा**
**पीलीभीत**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गुलड़िया, भिण्डारा**
**पीलीभीत**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रहपुरा गनीमत, विकास खण्ड दमखोदा, जिला बरेली।**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहपुरा गनीमत की अनुपूरक स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 23-24 के अनुसार पंन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हैं :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | रज्जाक के घर से पंचायत भवन तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 90x3 मीटर | 3,45,000.00 |

उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री कय हेतु जिसमे ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी आदि सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनाक 15-02-2024 तक अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनाक 16-02-2024 को अपरान्ह 12 बजे ग्राम पंचायत के कार्यालय पर खोली जाएंगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**प्रधान-श्रीमती अनीता पटेल** **सचिव-रोहिताश कुमार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुनिया रायपुर वि.ख. दातागंज (बदायूँ)**

पत्रांक : मीमो/ग्रा.पं.नि./2023-24 दिनांक : 03.02.2024

**विज्ञप्ति**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्न कार्य हेतु उसके सम्मुख अंकित सामग्री की कार्यस्थल पर पहुंचती व चट्टी लगी समस्त टैक्स सहित आवश्यकता है अत: सम्बन्धित फर्म अपने टेण्डर/कुटेशन दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक स्वयं अथवा डाक से बन्द लिफाफे में इस कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जो कि उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा खोले जायेंगे। टेण्डर/कुटेशन को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| कार्य का नाम | क्रमांक | सामग्री का नाम |
|---|---|---|
| 01. राजेश के घर से दिनेश के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 01. | सीमेन्ट |
| 02. प्राथमिक विद्यालय कुनिया रायपुर से मेन सड़क तक सी.सी. व नाली निर्माण। | 02. | कोर सैण्ट |
| 03. ग्राम पंचायत कुनिया रायपुर के मजरा शाहजहाँपुर में पशु शेड निर्माण कार्य। | 03. | फाईन सैण्ट |
| | 04. | पत्थर गिटटी |
| | 05. | सरिया |
| | 06. | 35 एम.एम. प्लाई |
| | 07. | ईट की रोड़ी |
| | 08. | अब्बल ईट |
| | 09. | चटका ईट |
| | 10. | टीन |
| | 11. | एंगल |

**सीमा देवी**
**प्रधान**

**हरीश वाजपेयी**
**सचिव**

**कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक 154/प्र.वि./2023-24 दिनांक : 07.02.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा 15वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत आई.वी.आर.आई. के मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल लगाने हेतु अनुभवी फर्मों से उनकी श्रेणी के अनुसार ई-निविदाएं द्वि-बिड पद्धति के अन्तर्गत प्रस्तावित हैं। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं. -4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-05 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+GST ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी तथा एफ.डी.आर. प्रभारी प्रकाश, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 07-02-2024 - (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 07-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 15-02-2024 - (02:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 15-02-2024 - (03:00 PM) |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | तकनीकी बिड खुलने के पश्चात |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**प्रभारी प्रकाश,**
**नगर निगम, बरेली**

**कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : सी-571/जि.पं.ला.लि./2023-24 दिनांक : 06.02.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, शाहजहाँपुर द्वारा जनपद शाहजहाँपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में (नगर क्षेत्र व विनयमित क्षेत्र की सीमा को छोड़कर) विज्ञापनपट, क्योस्क एवं दीवार प्रचार-प्रसार तथा अन्य प्रचार कार्य हेतु लाइसेंस अवधि वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक (31 मार्च 2027 तक तीन वर्ष) हेतु निविदा के माध्यम से मुहरबन्द दरें दिनांक 15.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत शाहजहाँपुर में निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदादाता को निविदा के साथ पैन कार्ड, चरित्र, हैसियत, आधार कार्ड एवं GST पंजीकरण के प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.02.2024 से कार्यालय में 1200/- (मय GST) रूपये जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदादाता द्वारा कार्यालय द्वारा मागे जाने पर वांछित मूल अभिलेख/प्रपत्र प्रस्तुत न किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में 10,000/- राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंकड्राफ्ट/एन.एस.सी. जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, शाहजहाँपुर के पक्ष में बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम निविदादाता को निविदा की समस्त धनराशि जिला पंचायत शाहजहाँपुर में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी/ शर्तें कार्यालय के कार्य दिवस में देखी व जानी जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, शाहजहाँपुर**

**कार्यालय नगर निगम, बरेली**

**पुनः ई-निविदा सूचना**

पत्रांक : 189/का.अधी./न.नि.ब./2023-24 दिनांक : 07.02.2024

नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के माध्यम से कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति नग कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट http:/nagarnigambareilly.com पर देखा जा सकता है। निविदा मूल्य+जी.एस.टी. के माध्यम से नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। तथा एफ.डी.आर. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य RTGS के माध्यम से ई-टेण्डर नगर निगम, बरेली के नाम देय होगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 08-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 08-02-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 22-02-2024 - (10:00 AM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 23-02-2024 - (12:00 PM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | तकनीकी मूल्यांकन के बाद |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+18% GST | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने हेतु कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित करने के सम्बन्ध में। | 1,05,000.00 | 5000+900 = 5900 | 15 दिवस |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**कार्यालय अधीक्षक**
**नगर निगम, बरेली।**

## एक नजर

### तमिलनाडुः मलबे में दबकर छह महिला निर्माण श्रमिकों की मौत

**उधगमंडलम (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में एक निर्माण स्थल पर रेत और मलबे के नीचे दबने से छह महिला निर्माण श्रमिकों की बुधवार को मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि घटना में दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जब 17 मजदूर लवडेल में एक परिसर की दीवार को गिराने के लिए रेत हटाने जैसे काम में लगे हुए थे, तभी पास की एक इमारत ढह गई और रेत एवं मलबे का ढेर उन पर गिर गया जिसमें 10 मजदूर पूरी तरह से दब गए। दमकल विभाग के कर्मियों ने मलबे में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाला। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने श्रमिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

### पंजाब : 20 कुत्तों ने महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला जिले के पासन कदीम गांव में लगभग 20 आवारा कुत्तों ने 32 वर्षीय एक महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम सुल्तानपुर लोधी में हुई जब महिला अपने मवेशियों को चराने के लिए खेतों में गई थी। पुलिस ने बताया कि जब महिला घर नहीं लौटी तो उसके पति ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में उसका शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान परी देवी (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आवारा कुत्तों ने उसी गांव की एक अन्य महिला पर भी हमला किया और उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपायुक्त अमित कुमार पांचाल ने कहा कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया करायेगा।

### आरएसएस के प्रचारक सत्यनारायण का निधन

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण का मंगलवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और वह पिछले दो महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। सवाई मान सिंह अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को भारती भवन से चांदपोल मोक्षधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में संघ के वरिष्ठ प्रचारक शंकर लाल, क्षेत्र संघचालक डॉ रमेश चन्द्र अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, प्रांत कार्यवाह गेंदालाल, प्रांत प्रचारक बाबुलाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। आरएसएस के जयपुर विभाग प्रचार प्रमुख अशोक शर्मा ने बताया कि श्री सत्यनारायण 1947 में संघ के स्वयं सेवक बने और 1961 में संघ के प्रचारक हो गए।

### डॉक्टर ने नर्स पर चलाई दो गोलियां, गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बुधवार को एक अन्य पुरुष के साथ संबंध की आशंका को लेकर हुई बहस के बाद एक पुरुष डॉक्टर ने 27 वर्षीय नर्स पर दो गोलियां दाग कर उसे घायल कर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रियंका शुक्ला ने बताया कि आरोपी की पहचान डॉ. संदीप सोनी (34) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने की आशंका को लेकर नर्स पर दो गोलियां चलाने के आरोप में सोनी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि नर्स का डॉक्टर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। हालांकि, हाल ही में उसकी अपने पुराने दोस्त के साथ नजदीकियां बढ़ीं। अधिकारी ने कहा, "डॉक्टर को इसके बारे में पता चल गया। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई और आरोपी ने गुस्से में देसी तमंचे से उस पर गोली चला दी।

# एससी-एसटी के उपवर्ग सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर एक समान नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें एक वर्ग बताने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सभी अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) अपने सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक दर्जे के हिसाब से समरूप नहीं हो सकतीं। न्यायालय इसका परीक्षण कर रहा है कि क्या राज्य कोटा के अंदर कोटा देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उप-वर्गीकृत कर सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 23 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि वे (एससी और एसटी) एक निश्चित उद्देश्य के लिए एक वर्ग हो सकते हैं। लेकिन, वे सभी उद्देश्यों के लिए एक वर्ग नहीं हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में 2004 के पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले पर फिर से विचार करने के संदर्भ में सुनवाई कर रही है, जिसमें यह कहा गया था कि एससी और एसटी समरूप समूह हैं।

पीठ ने कहा, इस अर्थ में एकरूपता है कि उनमें से प्रत्येक अनुसूचित जाति से संबंधित है। लेकिन आपका तर्क यह है कि समाजशास्त्रीय, आर्थिक विकास, सामाजिक उन्नति, शिक्षा उन्नति के संदर्भ में भी कोई एकरूपता नहीं है। पीठ में न्यायमूर्ति बार गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा भी शामिल हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चिन्नैया फैसले के निष्कर्षों का विरोध किया और कहा कि यह राज्य को आरक्षण के क्षेत्र को उचित रूप से उप-वर्गीकृत करके उचित नीति तैयार करने से रोकता है और अवसर की समानता की संवैधानिक गारंटी को कम करता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सैकड़ों वर्षों से भेदभाव झेल रहे लोगों को समानता दिलाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई के उपाय के रूप में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की घोषित नीति के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरे दिन की कार्यवाही की शुरुआत में, वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने वंचित वर्गों के बीच वास्तविक समानता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को एससी और एसटी को उप-वर्गीकृत करने का अधिकार दिए जाने के पक्ष में तर्क दिया। उन्होंने कहा, कि 21वीं सदी में हम उन लोगों के लिए समानता की बात कर रहे हैं जो सदियों से अपमानित और वंचित रहे हैं।

### सिब्बल ने की वर्ष 2004 के फैसले की आलोचना

सिब्बल ने 2004 के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अनुसूचित जाति को गलत तरीके से एक समरूप समूह माना गया है। कहा कि पंजाब में लगभग 32 प्रतिशत एससी आबादी है और राज्य को समाज के सबसे कमजोर वर्ग के समर्थन के लिए विशेष व्यवस्था करने से नहीं रोका जा सकता है। पीठ ने संपत्ति रखने और चुनाव लड़ने जैसे कई अधिकारों के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं करने के संबंध में संविधान निर्माताओं की सराहना की। सुनवाई गुरुवा को भी जारी रहेगी।

# पत्नी ने लगाई फांसी, एक घंटे बाद पति की मौत, दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार

ललितपुर, एजेंसी

▸▸ ललितपुर का मामला, दिव्यांग बेटे की बीमारी से परेशान थे

ललितपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौत के एक घंटे बाद ही उसके पति की हालत भी बिगड़ गई। उपचार के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति की हार्ट अटैक से मौत हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर घरवालों को सौंप दिया। बुधवार सुबह गांव में पति-पत्नी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। घरवालों ने बताया कि दंपती का अपने दिव्यांग बेटे के इलाज में काफी पैसा खर्च हो रहा था, जिस कारण वे लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। मामला कोतवाली महरौनी का है।

गांव पड़वां में छुट्टन कुशवाहा अपनी पत्नी सोना और 8 साल के दिव्यांग बेटे देव के साथ रहता था। सोना मंगलवार शाम 4 बजे खेत से लौटकर घर आई थी। उसी वक्त छुट्टन बेटे देव का इलाज कराकर टीकमगढ से घर लौटा था। इस दौरान पति-पत्नी में बेटे के इलाज को लेकर थोड़ी देर



छुट्टन कुशवाहा अपने दिव्यांग बेटे के साथ।

बात हुई। इसके बाद छुट्टन कमरे में चला गया।

कुछ देर बाद वह जब दूसरे कमरे में गया, तो वहां उसकी पत्नी सोना फंदे पर लटकी थी। छुट्टन ने तुरंत घरवालों की मदद से पत्नी को नीचे उतारा और महरौनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तभी अचानक छुट्टन की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां थोड़ी ही देर में उसकी भी मौत हो गई। बुधवार सुबह 10 बजे गांव में पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार कर किया गया।

सीओ महरौनी आर के मिश्रा ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। पत्नी की मौत के बाद पति की भी मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

### बेटे के इलाज में समाप्त हो गया था सारा पैसा

घरवालों ने बताया कि ग्राम भोड़ी की रहने वाली सोना की शादी 10 साल पहले छुट्टन के साथ हुई थी। इस दौरान दोनों के यहां एक बेटा और एक बेटी का जन्म हुआ। बेटा देव बचपन से ही दोनों पैरों से दिव्यांग है। बेटे के इलाज के लिए छुट्टन दिन-रात मजदूरी कर रहा था। उसके इलाज में ही पूरा पैसा खर्च हो रहा था। जिसके चलते वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था। छुट्टन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी कर परिवार चला रहा था।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोनवानी समेत कई पर केस

रायपुर, एजेंसीं

▸▸ परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में कसा शिकंजा

छत्तीसगढ़ के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों (ईओडब्ल्यू)द्वारा लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य अधिकारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

गृह (पुलिस) विभाग द्वारा महानिदेशक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर को अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा वर्ष 2021 जो 170 पदों के लिए ली गई थी और जिसके परिणाम 11 मई 21 को जारी किए जाने के बाद राज्य लोकसेवा आयोग पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ननकीराम कंवर व अन्य के माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुई थी।

जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि छत्तीसगढ़ आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष सोनवानी, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक एवं शासन तथा आयोग में तत्समय पदस्थ संलिप्त लोकसेवकगण अपने-अपने पद का दुरुपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की चयन प्रक्रिया वर्ष 2020 एवं 21 तथा असिस्टेंट प्रोफेसर चयन परीक्षा में नियम विरूद्ध तरीके से आपराधिक षड़यंत्र करते हुये अपने पुत्र, पुत्री व रिश्तेदारों को कई पात्र योग्य अभ्यार्थियों के बदले इनका चयन शासकीय पदों पर किया।

## ताज के दीदार के लिए...



**आगरा, अमृत विचार।** विश्वप्रसिद्ध ताजमहल में शाहजहां के 369 वें उर्स के दूसरे दिन बुधवार को कब्र पर चंदन-केवड़े की लेप लगाई गई। इस दौरान ताजमहल में पर्यटकों और जायरीन की भीड़ रही। खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष हाजी ताहिरउद्दीन ताहिर ने बताया कि अपराह्न दो बजे कब्रों को गुस्ल कराया गया और फिर चंदन-केवड़े की लेप लगायी गई। फातिहा पढ़ी और मिलाद शरीफ सुनाया गया।

# पत्नी की हत्या कर सीने से निकाला दिल, 5 गिरफ्तार

प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज में बिटोला देवी की हत्या उसके पति ने ही की थी। बुधवार को पति समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पति ने तंत्र-मंत्र की क्रिया के लिए वारदात को अंजाम दिया। इसमें उसके साथी तांत्रिक भी शामिल थे। पूछताछ में उसने बताया कि पहले पत्नी को हंसिए से मार डाला। फिर उसका दिल निकालकर उसमें तंत्र क्रिया की। फिर वहीं बैठकर मंत्र पढ़ा। इसके बाद लाश को नदी के किनारे बालू में गाड़ दिया और दिल लेकर चले गए।

मामला 3 फरवरी का है, जबकि महिला की लाश 4 फरवरी को मिली थी। तब लाश की शिनाख्त बिटोला देवी के रूप में हुई थी। बिटोला नीबी भतकार गांव में रहती थी। उनके बेटे भारत निषाद ने बताया, 3 फरवरी को मां गंगा कछार में सरपत काटने गई थी। काफी देर होने के बाद भी मां जब नहीं लौटी, तो हम लोगों ने खोजबीन शुरू की। झूंसी थाने के इंचार्ज उपेंद्र सिंह ने बताया कि अभी आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तंत्र-मंत्र में हत्या की बात सामने आई है।

### मोबाइल की कॉल डिटेल के जरिए मिले सुराग

पुलिस ने जिन चार-पांच लोगों को उठाया है, उनसे पूछताछ की। सभी ने अलग-अलग बातें बताई हैं। इससे यह साफ हो गया है कि महिला की हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में ही की गई है। पुलिस पति और तांत्रिकों के कॉल डिटेल भी निकलवा चुकी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मुर्मू ने पहली बार मेट्रो ट्रेन में सफर किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुर्मू दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाली भारत की दूसरी सेवारत राष्ट्रपति हैं। वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी मेट्रो में सफर किया था।

राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की और यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों से बातचीत की। इसने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वाले आगंतुकों के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन (गेट नंबर 4) और अमृत उद्यान (गेट नंबर 35) के बीच एक शटल बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाई, जो सुबह 9.30 बजे से शाम पांच बजे तक हर 30 मिनट में चलती है।

अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर यात्रा की, जो कि कश्मीरी गेट और फरीदाबाद में राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) के बीच संचालित होती है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन में सवार हुईं और नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की तथा फिर केंद्रीय सचिवालय वापस आ गईं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के साथ थे। कुमार ने राष्ट्रपति को डीएमआरसी के कामकाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और निर्माण परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रपति ने एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) रुपे कार्ड का इस्तेमाल करके यात्रा की। मुर्मू ने आगंतुक पुस्तिका में की गई अपनी टिप्पणियों में दिल्ली मेट्रो की सराहना की और यात्रा को सुखद बताया।



नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों के साथ मेट्रो ट्रेन में यात्रा की। ● एजेंसी

▸▸ स्कूली बच्चों से की बात, यात्रा को बताया सुखद

# रामलला के बाद मोदी आज कृष्ण भक्तों के बीच

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▸▸ पश्चिम बंगाल के गौडीय मठ का स्थापना दिवस समारोह प्रगति मैदान में आज

▸▸ विश्व वैष्णव सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए देश-विदेश के कई साधु सन्यासी पहुंचे दिल्ली



**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल में भले ही भारतीय जनता पार्टी को विजय श्री न मिली हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां के लोगों से मोह भंग नहीं हुआ है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब वह गुरुवार को दिल्ली में पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्तों को संबोधित कर अपनी भावनाओं से अवगत कराएंगे।

कार्यक्रम का आयोजन 1918 में श्री चैतन्य मठ की स्थापना करने वाले श्रील प्रभुपाद के 150वें जन्मदिवस पर विश्व भर में 66 मठों में सक्रिय पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्तों द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से गौडीय मठों के सैकड़ों कृष्ण भक्त पश्चिम बंगाल के कोने-कोने से दिल्ली आ चुके हैं और विभिन्न कार्यक्रमों को अंजाम दे रहे थे। गुरुवार को उनका मुख्य कार्यक्रम प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम के सबसे बड़े सभागार में होगा जिसमें पश्चिम बंगाल सहित देश-विदेश के कई प्रखर वक्ता भी अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम का नाम दिया गया है "विश्व वैष्णव सम्मेलन"।

कृष्ण भक्तों को न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे, बल्कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी सहित भाजपा के कई अन्य नेता भी होंगे।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में इस तरह का पहला बड़ा कार्यक्रम दिल्ली में होने जा रहा है, जिसमें कृष्ण भक्तों के साथ-साथ देश-विदेश के वैष्णववाद का प्रचार-प्रचार करने वाले विचारकों, साधु संन्यासियों को भी आमंत्रित किया गया है। गौडीय मिशन कोलकाता के अध्यक्ष बस सन्यासी महाराज बताते हैं कि 531 वर्ष पूर्व चैतन्य महाप्रभु ने समाज के कमजोर वर्गों पर असहिष्णुता, सांप्रदायिकता, धार्मिक हठधर्मिता और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई थी और हमें वर्गहीन समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया था। वैष्णव दर्शन को विश्व भर में फैलाने के लिए ही विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक सनातन धर्म पर आधारित विश्व वैष्णव सम्मेलन जैसे कई कार्यक्रम लोकसभा चुनाव से पहले पहले विभिन्न राज्यों की राजधानी या बड़े शहरों में आयोजित कराए जाएंगे। इन आयोजनों के पीछे अब मथुरा कृष्ण जन्मभूमि एवं बनारस ज्ञानवापी की चर्चा होगी।

प्रगति मैदान में आज होने वाले सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्त निश्चित वैष्णव वाद का कोई संदेश लेकर जाएंगे, जिसका लाभ अप्रत्यक्ष रूप से लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा को मिलेगा। क्योंकि चैतन्य मठ का केंद्र बिंदु बाग बाजार, कोलकाता है और उसके अनुयाई पूरे पश्चिम बंगाल में फैले हुए हैं।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से भक्ति प्रमोद पुरी महाराज, श्रीपाद न्यासी महाराज, श्रीपाद संता महाराज, श्रीपाद अभधूत महाराज, श्रीपाद परजातक महाराज, श्रीभक्ति दीपक श्रीधर महाराज, श्रीपाद गोबिंदा महाराज व श्रीपाद निमी महाराज की मुख्य भूमिका होगी।

# ओडिशा में भाजपा-बीजद का गठजोड़ : राहुल गांधी

राउरकेला (ओडिशा),एजेंसी

▸▸ कांग्रेस नेता ने राउरकेला में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भाजपा पर लगाए आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच गठजोड़ है तथा कांग्रेस आदिवासियों समेत राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है। राहुल ने यहां ओडिशा के इस्पात शहर के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर शुरू की।

राजगंगपुर और सुंदरगढ़ में जनसभा में राहुल गांधी ने कहा, आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी की साझा सरकार है। दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा का समर्थन करती है। बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान करते हैं। राहुल ने दावा किया कि अकेली कांग्रेस पार्टी ही ओडिशा के लोगों के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध कर रही है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि तेलंगाना में भी यही स्थिति है जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भाजपा का समर्थन करती है और केंद्र से संरक्षण प्राप्त कर रही है।



राउरकेला में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने समर्थकों का अभिवादन किया। ● एजेंसी

# न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण बने ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**कटक (ओडिशा)।** न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने बुधवार को ओडिशा उच्च न्यायालय के 34वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने यहां उड़ीसा उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नये मुख्य न्यायाधीश को पद की शपथ दिलाई। 20 जनवरी, 1963 को जन्में न्यायमूर्ति सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय (कैंपस लॉ सेंटर) से कानून की डिग्री पूरी करने के बाद 1990 में एक वकील के रूप में नामांकित हुए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उन्हें वर्ष 1998 में केंद्र सरकार में अतिरिक्त स्थायी अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया और अक्टूबर 2001 तक वह इस पद पर बने रहे। सूत्रों के मुताबिक, सिंह ने बिहार में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में भी काम किया।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा -पद नहीं छोड़ेंगे

पटना, एजेंसी

▸▸ प्रदेश की नवगठित राजग सरकार ने चौधरी के खिलाफ पेश किया है अविश्वास प्रस्ताव

बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे । प्रदेश की नवगठित राजग सरकार ने चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता ने जोर देकर कहा कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले त्यागपत्र नहीं देंगे । इसी दिन विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।

चौधरी ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं। मैं 12 फरवरी को विधानसभा में रहूंगा और नियमों के मुताबिक सदन की कार्यवाही चलाऊंगा। उन्हें बताया गया कि महागठबंधन से प्रदेश में सत्ता छीनने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लंबित होने पर कोई भी अध्यक्ष कुर्सी पर नहीं रह सकता। उन्होंने उत्तर दिया, नियमों के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव नोटिस मिलने के 14 दिन के भीतर निर्णय करना चाहिये। यह नोटिस मुझे आज ही मिला है। राजग के पास मामूली बहुमत है और मुख्य विपक्षी दल के अध्यक्ष की अध्यक्षता में होने वाले शक्ति परीक्षण से सावधान है। हालांकि, भाजपा के नेता ने कहा, चौधरी को यह पता होना चाहिये कि सदन के नेता के तौर पर, मुख्यमंत्री के पास यह तय करने की शक्ति है कि सदन के एजेंडे में पहले कौन सा काम शामिल किया जाए।

## ऋण लेने की सीमा तय करने के मुद्दे पर केंद्र ने न्यायालय में कहा

# राज्यों के कर्ज से देश की क्रेडिट रेटिंग पर असर

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यों के लिए ऋण लेने की सीमा निर्धारित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि राज्यों द्वारा अनियंत्रित उधार लेने से समूचे देश की क्रेडिट रेटिंग और वित्तीय स्थिति प्रभावित होगी। कर्ज सीमा तय करने के खिलाफ केरल की याचिका पर दाखिल जवाब में केंद्र ने यह भी कहा कि राज्य की राजकोषीय स्थिति में कई खामियां पाई गई हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष दाखिल हलफनामे में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने दलील दी कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन एक राष्ट्रीय मुद्दा है।

वेंकटरमानी ने कहा कि यदि राज्य गैर उत्पादक व्यय या खराब लक्षित सब्सिडी के वित्तपोषण के लिए अनियंत्रित तरीके से उधार लेते हैं तो यह निजी उधार को बाजार से बाहर कर देगा। हलफमाने में बताया गया कि राज्यों के ऋण देश की क्रेडिट रेटिंग को प्रभावित करती है। इसके अलावा यदि कोई राज्य कर्ज चुकाने में विफल रहता है तो प्रतिष्ठा संबंधी समस्याएं पैदी होगी और इससे पूरे भारत की वित्तीय स्थिरता खतरे में पड़ेगी। अर्टानी जनरल ने कहा कि अनियंत्रित ऋण से निजी उद्योगों की ऋण लागत बढ़ जाएगी और इससे बाजार में वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन और आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अनुमति देते समय पूरे देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता के समग्र उद्देश्यों को ध्यान में रखती है और अनुच्छेद 293(4) के तहत इसकी अनुमति मांगने वाले राज्य के लिए उधार लेने की सीमा तय करती है।

अटॉर्नी जनरल ने कहा कि राज्यों की उधार सीमा वित्त आयोग की सिफारिशों द्वारा निर्देशित गैर-भेदभावपूर्ण और पारदर्शी तरीके से तय की जाती है। शीर्ष अदालत ने केरल सरकार की एक याचिका पर केंद्र से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा था, जिसपर अटॉर्नी जनरल ने सरकार का पक्ष रखा। केरल सरकार ने याचिका में आरोप लगाया कि राज्य की ऋण सीमा तय कर केंद्र ने वित्त को विनियमित करने की उसकी 'विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों' के प्रयोग में हस्तक्षेप किया है। शीर्ष अदालत ने 12 जनवरी को केरल सरकार की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा था।

### विकास में आएगी बाधा

हलफनामे के मुताबिक, अधिक ऋण लेने के परिणामस्वरूप राज्य की ऋण भुगतान देनदारियों में वृद्धि होगी और विकास कार्यों के लिए धन की उपलब्धता कम हो जाएगी, जिससे लोगों का विकास बाधित होगा और राज्य की आय को हानि पहुंचेगी। इससे राष्ट्रीय आय की भी हानि होगी। विभिन्न सामाजिक और अन्य समस्याएं भी पैदा हो सकती है।

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।


## संपादकीय

# भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

# हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्र: समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईएएस

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है, वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता( के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है, वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है, जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें, जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए, उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही, काम चलाऊ ही सही, शायद यही विकल्प हो।

## प्रसंगवश

# महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता।



डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

# अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा। बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स, चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

## सोशल फोरम

# त्रिकालदर्शी



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।

**-फेसबुक वॉल से**

# विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

# दे दो केवल पांच गांव..से फूंका चुनावी महाभारत का बिगुल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सुनाई महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृष्ण की चेतावनी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाकवि रामधारी सिंह दिनकर ने कृष्ण की चेतावनी रचते समय कभी नहीं सोचा होगा कि एक दिन इसके जरिए काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान की विवादित भूमि लेने का संदेश गूंजेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बुधवार को दे दो केवल पांच गांव.. से चुनावी महाभारत में संघ और विहिप के 35 साल पुराने दांव आजमाने का भी संकेत दे दिया। जाके प्रिय न राम वैदेही..के जरिए अयोध्या न जाने वालों को वोट बैंक का लालची ठहराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भरे सदन में काशी और मथुरा की मांग करने वाला संकेत यूं ही नहीं दिया। राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भाजपा, संघ और विहिप के जिम्मेदार नेता कहते थे कि अभी काशी-मथुरा पर कोई बात नहीं होगी। सिर्फ भव्य और दिव्य राममंदिर निर्माण ही एक मात्र



लक्ष्य है। मगर, प्रभु रामलला की अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए काशी-मथुरा का मुद्दा गरमाने की तैयारी है।

राममंदिर आंदोलन के दौरान हिंदुत्व के फायरब्रांड नेता के रूप में चर्चित रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सदन में काशी और मथुरा का जिक्र करना बड़ा राजनीतिक संकेत है। भाजपा की रणनीति मथुरा और काशी के जरिए लोकसभा चुनाव में पुराना दांव आजमाने की कोशिश है। लगता है कि मोदी की गारंटी के बाद अब हिंदू और मुसलमान के बीच वोटों का ध्रुवीकरण मिशन-80 की पूर्ण सफलता की गारंटी बनने वाला है।

मुख्यमंत्री योगी समेत भाजपा के रणनीतिकार जानते हैं कि उत्तर-प्रदेश में मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही होगा, ऐसे में पीडीए के जरिये हिंदू वोटों का बिखराव रोकने का एक मात्र आसरा राममंदिर के बाद काशी और मथुरा है। भाजपा और संघ को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद माहौल और अवसर भी साथ दिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या की उपेक्षा, कर्फ्यू, गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट, कारसेवकों की हत्या, परिक्रमा पर प्रतिबंध, रामनामी धारण करने वालों की पिटाई आदि तमाम शब्दों के जरिए सपा पर जमकर निशाना साधा। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की बात कहते हुए अयोध्या की भव्यता-दिव्यता से देश-दुनिया में बढ़ी धमक गिनाई।

**वोट बैंक के लिए विदेशी लुटेरों का साथी ठहराया :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए सदन में मुख्यमंत्री ने सपा समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों व नेताओं को मुस्लिम परस्त साबित करने की पूरी कोशिश की गई। यहां तक कहा कि भारत में आए विदेश आंक्राताओं ने केवल धन-दौलत ही नहीं लूटी, बल्कि आस्था पर भी हमले किए। लेकिन वोट बैंक के लिए लोग आक्रांताओं को महिमामंडित करते हैं।

### सपा ने सदन से किया वाकआउट

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान परिषद में बुधवार को सपा विधायकों ने किसानों की समस्याओं का मुद्दा जोर-शोर से उठाया और सरकार विरोधी नारे बाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। जवाब में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाया जा चुका है, निजी नलकूपों के बिल माफ कर दिये गये हैं। किसानों की आय, खेती से दोगुनी हो जाए बल्कि इसके लिए अन्य अनेक योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रहीं हैं। सुबह कुंवर मानवेंद्र सिंह के सभापतित्व में प्रश्न प्रहर सामान्य रूप से चला। सपा के सदस्यों ने प्रदेश के किसानों को लागत के अनुरूप उपज का लाभ दिलाने व उनकी आय दोगुनी करने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। डॉ. मान सिंह यादव ने कहा इस सरकार में किसानों की तकलीफें और बढ़ गयी है। शाहनवाज खान ने कहा गन्ना मूल्य सरकार ने 20 रूपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है जबकि किसानों की लागत लगभग 24 सौ रूपये आ रही है। यूरिया की बोरी का 10 किग्रा वजन कम कर दिया गया। मार्केटिंग की व्यवस्था न होने से जैविक खेती नहीं हो रही है। सरकार की ओर से पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने छुट्टा जानवरों के विषय में कहा ये जानवर छुट्टा नहीं हैं, बल्कि दूध प्राप्त करने के बाद छोड़े गये पशु हैं। पहले कसाईयों की वजह से किसान पशुओं को अंदर बंद रखता था, वर्तमान में निश्चिंत होकर खुले में छोड़ दे रहा है।

### अखिलेश की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री ने किया प्रहार

**लखनऊ, अमृत विचार :** महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रहार करते हुए समूचे विपक्ष को नसीहत दे डाली। बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर आभार ज्ञापन के दौरान योगी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष ने टिप्पणी की थी। सपा का रवैया महिलाओं के प्रति क्या है उसका उदाहरण हमने सदन में महिला राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिखा। राज्यपाल एक संविधानिक प्रमुख हैं इतनी वरिष्ठ हैं। उनके एक घंटे से अधिक के उनके अभिभाषण के दौरान सपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति उसके वास्तविक चरित्र को प्रदर्शित करता है। वहीं, योगी ने सदन में आश्वासन दिया कि 2025 के महाकुंभ को 2019 से भी अधिक भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। योगी ने कहा कि हम 2025 के महाकुंभ को भव्य दिव्य रूप में संपन्न कराएंगे। 2019 में जब प्रयागराज कुंभ था, तब काशी, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य और विंध्यवासिनी का धाम इस रूप में नहीं था। हमारा अनुमान है कि 19 के कुंभ की तुलना में दोगुना श्रद्धालु यहां आएंगे। अयोध्या राम मंदिर का भी जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 दिन में 36 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट ने दर्शन किया। मंगलवार को ही नेपाल के सांसद और बुधवार को फिजी और सूरीनाम के लोग वहां आ रहे हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाना विवाद की सुनवाई अब 12 को होगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाना विवाद से संबंधित मामले में हिंदू पक्ष ने बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान दावा किया कि तहखाने के अंदर पूजा-अनुष्ठान कभी रुका ही नहीं। वर्ष 1993 में जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया, तब भी पूजा होती रही। हालांकि साल में केवल एक बार ही ऐसा होता था, लेकिन ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने कभी इस पर आपत्ति नहीं जताई। मस्जिद समिति का तहखाने पर कभी कोई कब्जा नहीं था। वे पूजा-अनुष्ठानों पर आपत्ति नहीं कर सकते हैं। यह दलील अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान दी। समयाभाव के कारण तर्क पूरे नहीं हो सके, इसलिए मामले को 12 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

मुस्लिम पक्ष की याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। वादी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में देवताओं की पूजा और तहखाने के दक्षिणी हिस्से के रिसीवर के रूप में जिला मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की मांग को लेकर जारी आदेश को सही ठहराते हुए अधिवक्ता जैन ने कहा कि उनकी पहली प्रार्थना (रिसीवर की नियुक्ति) के लिए 17 जनवरी को अनुमति दी गई जबकि कुछ चूक के कारण उनकी दूसरी प्रार्थना व्यास तहखाने में प्रार्थना करने की अनुमति नहीं मिली थी, लेकिन 31 जनवरी को पूजा करने की अनुमति भी मिल गई। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने अपने तर्कों को उचित ठहराने के लिए 1800 दशक के विभिन्न दस्तावेजों को रिकॉर्ड में रखा कि व्यास परिवार का तहखाना पर कब्जा था। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि वर्ष 1993 में जब बैरिकेडिंग की गई तो व्यास परिवार ने वहां पूजा करने का अपना अधिकार छोड़ दिया था। यह सत्य है कि मुसलमानों ने तहखाने में कभी नमाज नहीं पढ़ी, लेकिन यह समिति के कब्जे में था।

## सार-संक्षेप

### भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लाक प्रमुख

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने समारोहपूर्वक भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। श्री चौधरी ने शामिल होने वाले नेताओं से विश्वास जताया कि भाजपा की अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों, लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

### पीएनबी के शाखा प्रबंधक, फील्ड अफसर गिरफ्तार

लखनऊ,अमृत विचार : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई। सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी। यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में बीस हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

### प्रवक्ताओं की हुई पदोन्नति, बने प्रधानाचार्य

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्य बनाए गए 13 शिक्षकों को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बधाई दी प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त पड़े थे। इन विद्यालयों में काफी लंबे समय से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को 2004 की नियमावली के तहत प्रधानाचार्य बनाया गया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण बुधवार को समाज कल्याण निदेशालय पहुंचे और कहा कि प्रवक्ताओं के प्रधानाचार्य बनने से शिक्षण गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि जल्द अन्य विद्यालयों को भी स्थायी प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। इस दौरान समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत, उप निदेशक सिद्धार्थ मिश्र आदि मौजूद रहे। ये बने प्रधानाचार्य : राधे श्याम चौधरी, नरेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार, बलराज सिंह, डॉ. वंदना त्रिवेदी, नविता यादव, वंदना त्रिपाठी, निर्मल चंद्र बाजपेयी, मान सिंह, सुशील दत्त, कालिका मौर्य, कमल राज पाल।

### तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने तीन आईपीएस अफसरों को बदल दिया है। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिशनरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

# 19 को धरातल पर उतरेगा 10 लाख करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। कानून व्यवस्था अच्छी और सरकार की नियत साफ हो तो देश और दुनिया के निवेशक निवेश के लिए आना चाहते हैं। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है।

### विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए

योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

# महिलाओं को साधने के लिए शक्ति संवाद पर फोकस

**लखनऊ, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा इस बार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा समाज के हर वर्ग से संवाद कर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में लगी है। शक्ति वंदन अभियान के तहत शक्ति संवाद कर महिलाओं को केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को पार्टी से जोड़ने और उसे वोट में बदलने के लिए भाजपा ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। भाजपा स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क करेगी। साथ ही उनके अध्यक्ष एवं सचिव से बात करेगी। 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 और 12 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह होंगे। 12 से 21 फरवरी तक मंडल में सक्रिय स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से संपर्क किया जाएगा। 22 फरवरी को हर मंडल में प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा।

# रालोद की भाजपा से बढ़ रहीं नजदीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा डैमेज कंट्रोल में जुटी, जयंत चौधरी को मनाने का जिम्मा शिवपाल यादव को मिला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल के भाजपा से नजदीकियां बढ़ाने की चर्चाओं के बीच मुजफ्फरनगर सीट से गठबंधन में टिकट के दावेदार पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अखिलेश यादव ने लखनऊ बुलाया है।

सपा प्रमुख की मलिक से अगली राजनीतिक रणनीति पर मंत्रणा होगी। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह से बातचीत करने का जिम्मा सौंपा गया है। दोनों के बीच शीघ्र ही बात हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सपा और रालोद के गठबंधन में बड़ा मतभेद मुजफ्फरनगर सीट को लेकर है। माना जा रहा है कि यह सीट रालोद के कोटे की है, लेकिन अखिलेश यादव यहां से हरेंद्र मलिक को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। रालोद ने इस पर नाराजगी जताई। एक तरफ हरेंद्र मलिक और उनके बेटे चरथावल से विधायक पंकज मलिक लोगों के बीच पहुंचकर चुनाव की तैयारी में जुट गए और दूसरी तरफ रालोद में उनके नाम पर सहमति नहीं बनी। भाजपा से इसी दौरान रालोद की बातचीत हुई और समीकरण बदल गए।

### कुछ पक अवश्य रहा है

**लखनऊ।** रालोद की राजनीतिक गतिविधियां बता रहीं हैं कि कुछ पक अवश्य रहा है। रालोद का फिलहाल चौधरी चरण सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम टल गया है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी की जगह 24 फरवरी को अब होगा। वहीं, रालोद के सभी विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दर्शन करने भी जाएंगे।

# 31 छात्रावास जर्जर अब 230 में ही चलाओ काम

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 20 हजार छात्रों के गुजर बसर को छात्रावासों के कमरे हुए और कम
- प्रदेश में अब सिर्फ 230 छात्रावासों का हो रहा है संचालन
- एक छात्रावास की क्षमता 40 से 100 छात्रों की

**अमृत विचार :** घर का सुख चैन छोड़कर जीवन को नया आयाम दे परिवार को बुलंदियों पर ले जाने का सपना संजोए आने वाले छात्रों की गुजर-बसर अब थोड़ा मुश्किलों भरी होगी।

वैसे ही छात्र सीमित संसाधन का उपभोग कर रहे थे। अब अचानक जर्जर 31 छात्रावासों पर ताला लटकने से उनके सामने रिहाइश की नई समस्या खड़ी हो गई। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन जर्जर छात्रावासों को बंद कर दिया गया है। ऐसे में 230 छात्रावासों में ही फिलहाल 20 हजार छात्रों को रहना पड़ेगा। विभाग जब तक छात्रावास को सुधारेगा नहीं तब तक उनकी सुविधाएं बहाल नहीं हो पाएंगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 261 छात्रावास का संचालन किया जा रहा था। इसमें 187 बालक और 74 बालिका छात्रावास हैं।

इसमें 70 प्रतिशत अनुसुचित जाति के लिए, 20 प्रतिशत ओबीसी के लिए और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को आवंटन होता है। छात्रावास में सिर्फ रहने की व्यवस्था होती है जबकि छात्र को नाश्ते से लेकर भोजन तक की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ती है। छात्रावासों की क्षमता 40 से लेकर 100 छात्रों की है। 30 छात्रावास बदहाल होने के कारण बंद कर दिए गए हैं। छात्रावास बंद होने से छात्रों की परेशानी और बढ़ गई है। बंद हुए छात्रावासों के छात्रों को अब दूसरी जगह समायोजित किया गया है।

### छात्रावासों का बनेगा डाटा बेस

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 231 छात्रावासों में लगभग 20 हजार छात्र प्रवास कर रहे हैं। छात्रावास का अब डाटा बैंक बनाने की तैयारी है। साथ ही एक वेबसाइट भी बनाई जाएगी। जिससे छात्रावास का पूरा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगा। जरूरतमंद छात्र ऑनलाइन जानकारी लेने के बाद अपनी सुविधानुसार छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।


## वर्ग पहेली-336

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



### वर्ग पहेली - 335 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मँ | | | | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | | ला |
| | वा | | रो | | ना |
| | | 5 सं | हि | ति | |
| 6 ह | ढ़ी | भू | त | | 7 श |
| | | त | | | फ़ी |
| 8 शि | फा | | 9 त | पा | क |

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

**वृष** – आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह** – आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

**कन्या** – आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**तुला** – आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

**वृश्चिक** – आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** – आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** – आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

**मीन** – आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
पृथ्वी – सुबह : 09.00
गद्दार – रात : 09.00

**Sony Max**
मलंग – सुबह : 10.44
पीकू – रात : 07.00

**Utsav Gold**
वीरता द पॉवर – दोपहर : 12.15
कलंक – रात : 06.45

**Zee Cinema**
हीरो – सुबह : 07.10
दिवार – रात : 07.00

**Colors Cineplex**
कभी खुशी कभी गम – सुबह : 08.24
राजा हिन्दुस्तानी – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

# पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोंटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है। क

## मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

## राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

# अगले दो मैचों से बाहर रह सकते हैं कोहली

नई दिल्ली, एजेंसी

बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट मैच से भी बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उनका धर्मशाला में 7 से 11 मार्च तक होने वाले अंतिम टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है लेकिन बीसीसीआई इस बारे में नहीं सोच रहा है, क्योंकि यह मैच एक महीने बाद शुरू होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 से 19 फरवरी के बीच राजकोट में जबकि चौथा मैच 23 से 27 फरवरी के बीच रांची में खेला जाएगा।



कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब चैनल पर खुलासा किया था कि यह बल्लेबाज दूसरी बार पिता बनने वाला है और इसलिए वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पा रहे हैं। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि परिवार के मामलों में बोर्ड क्रिकेटर का साथ देता है। विराट कब वापसी चाहते हैं यह उनका फैसला होगा। सबसे बड़ा सवाल बुमराह के कार्यभार प्रबंधन का है। उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच में 33 ओवर किए और 9 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। तीसरे टेस्ट मैच का परिणाम अहम भूमिका निभा सकता है। राजकोट के मैच में बुमराह को विश्राम देना आसान नहीं होगा। हालांकि रांची के मैच में विश्राम दिया जा सकता है। केएल राहुल की तीसरे मैच में वापसी तय है और ऐसे में रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा जबकि श्रेयस अय्यर को मौका मिलना सुनिश्चित है। रविंद्र जडेजा भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं लेकिन उनके राजकोट में खेलने की संभावना कम है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में विश्राम दिया गया था और वह तीसरे टेस्ट मैच में वह मुकेश कुमार की जगह अंतिम एकादश में शामिल होंगे।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

### सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

### एफआईएच प्रो लीग: भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से हारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को कलिंग स्टेडियम में खेली जा रही एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में आस्ट्रेलिया से 0-3 से हार गई। यह मेजबान टीम की लगातार तीसरी हार है। आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान ग्रेस स्टेवर्ट (19वें मिनट), टाटम स्टेवार्ट (23वें) और कैटलिन नोब्स (55वें) ने गोल दागे। भारत ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन मेहमान टीम की गोलकीपर जो न्यूमैन ने इसे बचा लिया। आस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर में दबाव बनाया लेकिन भारतीय रक्षण मजबूत बना रहा। दूसरे क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टेवर्ट की मदद से पहला गोल किया। भारतीय टीम ने मौके बनाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे टाटम स्टेवार्ट ने गोल में बदलकर टीम को पहले हाफ में 2-0 से बढ़त दिला दी। नोब्स ने चौथे क्वार्टर में तीसरा गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। भारत अब शुक्रवार को अमेरिका से भिड़ेगा।

### आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस महीने ग्वालियर में होने वाली अंडर-15 और 20 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि कुछ राज्य संघों ने इतने संक्षिप्त नोटिस में इसमें भाग लेने में असमर्थता जाहिर की। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का काम देख रही तदर्थ समिति ने राज्य संघों की मांग पर यह फैसला लिया। ग्वालियर में 11 से 17 फरवरी तक अंडर-20 और 15 फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप होना था। डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा ने कहा कि कुछ राज्य कुश्ती संघों के अंडर-20 और 15 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप को पुनर्निर्धारित के प्रतिनिधित्व प्राप्त हुए। उन्होंने मांग की कि इतने कम समय में वे टीम भेजने में असमर्थ हैं क्योंकि इसके लिए अभी तक ट्रायल्स नहीं हुए हैं।

# शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

## 11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

| रैंकिंग | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 881 |
| 2 | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | आर अश्विन | 841 |
| 4 | पैट कमिन्स | 828 |
| 5 | जोश हेजलवुड | 818 |
| 6 | प्रभात जयसूर्या | 783 |
| 7 | जेम्स एंडरसन | 780 |
| 8 | नाथन लियॉन | 746 |
| 8 | रवींद्र जडेजा | 746 |
| 8 | ओली रॉबिन्सन | 746 |

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

**भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब**



# हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

**नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है**



इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की शृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम शृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।



## द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

**अल-रेयान (कतर), एजेंसी।** याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

# नहीं रहे क्रिकेटर नीरू कपूर खेल जगत में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताया शोक**



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर नीरू कपूर (81 वर्षीय) ने बुधवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया जाएगा। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हई। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें तीन दिन पहले मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


# बॉलीवुड हलचल

## 'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा




**मुंबई, एजेंसी।** नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

### 16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

## श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

## अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

### यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में

▸▸ **अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत**



जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

# रक्षा-अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ावा देने को कर रहे काम : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढ़ाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

# इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

*भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।*

**40%** आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट




- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।



# अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

## एक नजर

### ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

**लंदन।** भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### बर्फबारी से 400 सड़कें जाम, 12 तक मौसम साफ होने की उम्मीद




**शिमला/मनाली।** हिमाचल प्रदेश में कई दिनों से जारी बर्फबारी के बाद बुधवार को धूप निकली तो पारा माइनस में होने के बाद भी मनाली, शिमला, धर्मशाला, कुल्लू में कई पर्यटक उमड़ रहे हैं। हालांकि बर्फबारी के कारण अभी भी राज्य की 400 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 12 फरवरी तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। वहीं अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर 5 फीट बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। एक सप्ताह के भीतर दोनों छोर में बर्फ के ढेर लग गए हैं।

### पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़



**बर्लिन।** जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

**पड़ोसी देश में मतदान आज, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद**

# ...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्ताान में निवेश करने के इच्छुक हैं।




### 6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

### तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

**जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं :** जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

**इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी :** पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

**24.15** करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

**5,121** प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

**4,806** पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

**12.8** करोड़ मतदाता
• 266 सांसद बनेंगे

**167** रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

**90,582** पोलिंग स्टेशन पूरे देश में



| किस धर्म के कितने वोटर | |
|---|---|
| 96.28% | मुस्लिम |
| 1.59% | ईसाई |
| 1.6% | हिन्दू |
| 0.58% | अन्य |

# चुनाव से एक दिन पहले दहला बलूचिस्तान, विस्फोट में 40 मरे



पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

# जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

# ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

# अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

## यूएई में मंदिर...



**अबू धाबी :** बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी



**चिंताजनक** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।



### वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

# बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश


इंफाल, एजेंसी

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैंक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय

▸▸ **भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध**



**16** सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्रास्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।